Website: www.winews.in Email: winews.in@gmail.com दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874 नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 61 | शुक्रवार, 06 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-08 | मूल्य-एक रुपया

# बिहार में 'सुशासन बाबू' युग का अंत?

## नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार ने आज राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बिहार विधानसभा पहुंचे और अपना नामांकन पत्र जमा किया। कुमार वर्ष 2005 से अब तक रिकॉर्ड 10 बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में नए मुख्यमंत्री और राज्य की नयी सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।

कुमार ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, ''दो दशकों से अधिक समय तक आपने मुझ पर लगातार भरोसा और समर्थन जताया है। उसी विश्वास की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी समर्पण भावना से सेवा की है। आपके भरोसे और समर्थन के कारण ही आज बिहार विकास और सम्मान की एक नयी पहचान प्रस्तुत कर रहा है।'' उन्होंने कहा कि अपने संसदीय जीवन की शुरूआत से ही उनकी इच्छा रही है कि वह राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों और संसद के दोनों सदनों के सदस्य बनें। उन्होंने कहा, ''इसी आकांक्षा के अनुरूप मैं इस बार होने वाले चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनने का प्रयास कर रहा हूं।''

कुमार ने कहा कि मैं आपको पूरे विश्वास के साथ आश्वस्त करना चाहता हूं कि भविष्य में भी आपसे मेरा संबंध बना रहेगा और विकसित बिहार के निर्माण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने का मेरा संकल्प अटल रहेगा। राज्य में बनने वाली नयी सरकार को मेरा पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।

पिछले वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड जीत दिलाने के बाद कुमार के पद छोड़ने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कोई नेता राज्य के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल सकता है। यदि ऐसा होता है तो बिहार को पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री मिलेगा। हिंदी पट्टी के राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां अब तक भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं रहा है। बिहार से राज्यसभा की पांच सीट के लिए 16 मार्च को मतदान होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि बृहस्पतिवार है।

## बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल हमेशा याद रखा जाएगाः अमित शाह



पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार का कार्यकाल राज्य में विकास को गति देने और विभिन्न क्षेत्रों में उनके ऐतिहासिक कार्यों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। श्री शाह ने आज श्री कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि पिछले 20 वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री के रूप में श्री कुमार ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 'जंगल राज' से प्रदेश को बाहर निकालने का श्रेय श्री कुमार को जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब श्री कुमार ने राज्य की बागडोर संभाली थी, तब सड़क, बिजली और कानून–व्यवस्था सहित लगभग सभी क्षेत्रों में पूरी तरह अव्यवस्था थी।
उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों के हित में अपनी ईमानदार कोशिशों और प्रतिबद्धता के कारण श्री कुमार राज्य के सभी गांवों तक बिजली और सड़क पहुंचाने में सफल रहे। उनकी सरकार ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना में व्यापक सुधार किया। श्री शाह ने कहा कि श्री कुमार जेपी आंदोलन की उपज हैं और वह वरिष्ठ नेता जयप्रकाश नारायण की विचारधारा के सच्चे अनुयायी साबित हुए। उन्होंने लंबे राजनीतिक जीवन में कभी अपने मूल सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

## किसी भी मुद्दे को केवल सैन्य संघर्ष से सुलझाया नहीं जा सकताः पीएम मोदी

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने राजधानी नई दिल्ली में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ बातचीत के बाद कहा कि हम इस बात से सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे को केवल सैन्य संघर्ष से सुलझाया नहीं जा सकता। न्यूज एजेंसी भाषा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को 'शीघ्र समाप्त' करने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता।' उन्होंने मीडिया में जारी बयान में कहा, 'चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने पर पोस्ट किया, 'मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है। एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। प्रधानमंत्री मोदी मौन साधे हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है?'

## दिल्ली को सीएम रेखा गुप्ता की बड़ी सौगात, ISBT पर सालों पुरानी मांग पूरी, 6 महीने में बनेगा ओवरब्रिज

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के मठ बाजार में नए फुट ओवरब्रिज की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री के अनुसार, इस सुविधा को साल के अंत तक चालू करने के लिए निर्माण कार्य समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाएगा।

मीडिया से बात करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यहां के लोगों ने पिछली सरकार से सैकड़ों बार यह मांग की थी। आज, हमारी सरकार के कम समय के कार्यकाल में ही, हम यहां के लोगों की इस मांग को पूरा करने जा रहे हैं... बहुत जल्द, सिर्फ 6 महीनों में, यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा।

इससे पहले, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली कार्यक्रम में कई महिला-केंद्रित पहलों का शुभारंभ किया, जिनमें राशन कार्ड धारकों के लिए मुफ्त एलपीजी सिलेंडर योजना और दिल्ली लखपति बिटिया योजना शामिल हैं। शिक्षा, गतिशीलता और घरेलू सशक्तिकरण पर जोर देते हुए, उन्होंने घोषणा की कि लाडली-लाडली योजना के तहत 30,000 लड़कियों के लिए धनराशि डीबीटी के माध्यम से वितरित कर दी गई है।

इससे पहले फरवरी में, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में एक आधुनिक इलेक्ट्रिक डबल-डेकर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

इसका उद्देश्य शहर के पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करना और पर्यटकों को एक अनूठा यात्रा अनुभव प्रदान करना है। मुख्यमंत्री के अनुसार, यह बस दिल्ली के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धरोहर स्थलों को कवर करने वाले एक निश्चित पर्यटन सर्किट पर चलेगी। उद्घाटन मार्ग शहीद स्मारक से शुरू होता है और इसमें प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे स्थान शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि हम एक नया पर्यटन मार्ग विकसित कर रहे हैं ताकि हमारे पर्यटक प्रधानमंत्री संग्रहालय जैसे स्थानों का भ्रमण कर सकें... इन बसों के लिए पहले से बुकिंग संभव होगी और पर्यटक एक शानदार अनुभव प्राप्त कर सकेंगे।

गुप्ता ने पर्यटन विभाग को बधाई दी और राजधानी के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार हर दिन दिल्ली के लिए एक नया उपहार, एक नई पेशकश लेकर आती है।

एक साल पूरा हो चुका है और अभी बहुत कुछ करना बाकी है। हम एक विकसित दिल्ली की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

## आतंकवाद 'अस्तित्व' के लिए खतरा!

## भारत ने यूएन में आईएसआईएस और अल कायदा के खिलाफ सामूहिक युद्ध का किया आह्वान


**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दोहराते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद किसी सीमा या राष्ट्रीयता को नहीं मानता और यह अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक 'अस्तित्वगत खतरा' बन चुका है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के ''अस्तित्व'' के लिए खतरा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने बुधवार को कहा, ''आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। यह सीमाओं, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं जानता और यह एक ऐसी चुनौती है जिसका सामना अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सामूहिक रूप से मिलकर करना होगा।''

यूएनओसीटी के वार्षिक संबोधन के दौरान भारत ने अप्रैल 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले का मुद्दा उठाया। इस हमले को 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने अंजाम दिया था, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही एक चेहरा है। इस कायराना हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। भारत ने इस उदाहरण के जरिए दुनिया को बताया कि कैसे आतंकवादी संगठन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर निर्दोषों को निशाना बना रहे हैं।

## मेरी भविष्यवाणी सच हुई, अब जेडीयू खत्मः तेजस्वी यादव



**नई दिल्ली।** नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्होंने पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। तेजस्वी ने आगे कहा कि हमने पहले ही कहा था कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। मैंने मुख्यमंत्री परिवर्तन की बात पहले ही कह दी थी। महाराष्ट्र मॉडल अब बिहार में लाया गया है.। भाजपा पिछड़े नेताओं को सत्ता में नहीं रहने देती।

भाजपा सिर्फ एक कठपुतली मुख्यमंत्री बैठाती है। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैंने हमेशा कहा है, 'नीतीश जी को घोड़ा तो चढ़ाया है दुल्हा बनाकर लेकिन फेरा किसी और के साथ दिला रहा है'।

## ईरानी युद्धपोत पर अमेरीकी हमले से हिंद महासागर में तनाव, राहुल गांधी ने पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**







**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरते हुए उन पर श्रीलंका के पास अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को डुबोए जाने के बाद चुप्पी बरतने का आरोप लगाया। यह युद्धपोत विशाखापत्तनम में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 (आईएफआर) और मिलान 2026 में भाग लेने के बाद लौट रहा था। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के पिछवाड़े तक पहुंच गया है और प्रधानमंत्री मोदी पर देश को 'स्थिर नेतृत्व' की आवश्यकता के समय 'भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को त्यागने' का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने कहा कि संघर्ष हमारे पिछवाड़े तक पहुंच गया है, हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने कुछ नहीं कहा। ऐसे समय में हमें एक स्थिर नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके बजाय, भारत के पास एक समझौतावादी प्रधानमंत्री है जिसने हमारी रणनीतिक स्वायत्तता को त्याग दिया है। उन्होंने खाड़ी क्षेत्र में तनाव के कारण भारत की तेल आपूर्ति पर खतरे को लेकर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40% से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी खराब है। भारत के पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने कहा कि 'आईरिस देना' ने भारत के निमंत्रण पर अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 (आईएफआर) और मिलान 2026 में भाग लिया था, और उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमले ने 'भारत की संवेदनशीलता को नजरअंदाज किया। उन्होंने पर एक पोस्ट में कहा कि अगर हमने मिलान अभ्यास में भाग लेने के लिए ईरानी जहाज को आमंत्रित न किया होता, तो वह वहां नहीं होता। हम मेजबान थे। मुझे बताया गया है कि इस अभ्यास के प्रोटोकॉल के अनुसार जहाज कोई गोला-बारूद नहीं ले जा सकते। वह निहत्था था। ईरानी नौसेना के कर्मियों ने हमारे राष्ट्रपति के सामने परेड की थी। अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा किया गया हमला सुनियोजित था क्योंकि अमेरिका को अभ्यास में ईरानी जहाज की उपस्थिति की जानकारी थी, जिसमें अमेरिकी नौसेना को आमंत्रित किया गया था, लेकिन अंतिम समय में उसने भागीदारी से नाम वापस ले लिया, संभवतः इसी ऑपरेशन को ध्यान में रखते हुए। उन्होंने आगे कहा अमेरिका ने भारत की संवेदनशीलता को नजरअंदाज किया है क्योंकि जहाज भारत के निमंत्रण के कारण इन जलक्षेत्रों में था। हम अमेरिकी हमले के लिए राजनीतिक या सैन्य रूप से जिम्मेदार नहीं हैं। हमारी जिम्मेदारी नैतिक और मानवीय स्तर पर है। भारतीय नौसेना द्वारा (राजनीतिक मंजूरी के बाद) उन लोगों के जीवन की हानि पर शोक व्यक्त करना उचित होगा जो हमारे आमंत्रित थे और जिन्होंने हमारे राष्ट्रपति को सलामी दी थी। इसी बीच, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि हिंद महासागर में टॉरपीडो से ईरानी जहाज आईरिस डेना को नष्ट करने की अपनी कार्रवाई पर संयुक्त राज्य अमेरिका को पछतावा होगा।

## कांग्रेस की राज्यसभा लिस्ट जारीः अभिषेक सिंघवी फिर तेलंगाना से उम्मीदवार, 6 दिग्गजों के नामों का ऐलान

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को अपने छह उम्मीदवारों की महत्वपूर्ण सूची जारी कर दी है। पार्टी ने वरिष्ठ अधिवक्ता और दिग्गज नेता अभिषेक मनु सिंघवी पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें तेलंगाना से मैदान में उतारा है। इस सूची में छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तमिलनाडु के लिए भी नामों की घोषणा की गई है।

कांग्रेस की से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, छत्तीसगढ़ से फूलो देवी नेताम को फिर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया है। वह वर्तमान में राज्यसभा की सदस्य हैं।

पार्टी ने हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा चुनाव के लिए कांगड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा को उम्मीदवार बनाया है, वहीं हरियाणा से कर्मवीर सिंह बौद्ध को उम्मीदवार बनाया है। तमिलनाडु से एम क्रिस्टोफर तिलक को उम्मीदवार घोषित किया गया है। कांग्रेस ने वरिष्ठ अधिवक्ता संघवी को अपने शासन वाले तेलंगाना से फिर से उम्मीदवार घोषित किया है। सिंघवी वर्तमान में तेलंगाना से ही राज्यसभा सदस्य हैं। प्रदेश में दो राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव हो रहा है और कांग्रेस ने दूसरी सीट के लिए वी नरेंद्र रेड्डी को उम्मीदवार घोषित किया है।

### क्या कहते हैं समीकरण?

कांग्रेस की इस सूची से स्पष्ट है कि पार्टी राज्यसभा में अपनी 'फायरपावर' (बौद्धिक और कानूनी क्षमता) को बनाए रखना चाहती है। अभिषेक सिंघवी जैसे वरिष्ठ नेता का फिर से सदन में जाना कांग्रेस के लिए विधायी चर्चाओं और कानूनी मोर्चों पर मजबूती प्रदान करेगा। वहीं, हिमाचल और छत्तीसगढ़ में स्थानीय नेतृत्व को मौका देकर पार्टी ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने की कोशिश की है।

## संपादक की कलम से

# कस्टमर केयर से प्रेम

यदि आपको लगता है कि इस दुनिया में 'धैर्य' का अंतिम अध्याय हिमालय की गुफाओं में लिखा जाता है, तो आप गलत हैं। धैर्य की असली पराकाष्ठा तो उस समय दिखती है जब एक आम भारतीय नागरिक अपने 'इंटरनेट' के न चलने की शिकायत करने के लिए 'कस्टमर केयर' को फोन लगाता है। यह वह प्रेम-प्रसंग है जिसमें प्रेमी तड़पता रहता है और प्रेमिका केवल रिकॉर्डेड संगीत सुनाकर उसे बहलाती रहती है। हमारे मोहल्ले के 'बनवारी लाल' जी का वाई-फाई पिछले तीन दिनों से 'कोमा' में था। उन्होंने हिम्मत जुटाई और कंपनी के नंबर पर डायल किया। उधर से एक सुरीली, मगर निर्जीव आवाज आई- 'नमस्ते! हमारे सभी 'एग्जीक्यूटिव' अभी दूसरे ग्राहकों की सेवा में व्यस्त हैं। आपकी कॉल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।' बनवारी लाल जी को लगा कि शायद उनकी 'महत्ता' का मूल्यांकन अभी होने वाला है। लेकिन अगले ही पल एक ऐसा संगीत शुरू हुआ जो न तो पूरी तरह शास्त्रीय था और न ही पॉप। वह उस बांसुरी की आवाज थी जिसे सुनकर शायद सांप भी अपना बिल छोड़कर भाग जाए, पर ग्राहक को वह मजबूरी में सुननी ही पड़ती है। बनवारी लाल जी ने भी तर्क दिया, 'भाई, ये संगीत नहीं, ये तो हमारी बेबसी का बैकग्राउंड म्यूजिक है!' दस मिनट बीते। संगीत की धुन बदली। अब सितार बजने लगा। बनवारी लाल जी को लगा कि अब शायद कोई इंसान बोलेगा। पर फिर वही सुरीली आवाज- 'धैर्य बनाए रखें, आप कतार में 'सातवें' नंबर पर हैं।' बनवारी लाल जी को अपनी शिक्षा पर शक होने लगा। उन्हें लगा कि शायद वे 'कस्टमर केयर' को नहीं, बल्कि 'मोक्ष' प्राप्ति के लिए स्वर्ग की लाइन में लगे हैं, जहाँ सातवें नंबर का मतलब है-अगले जन्म तक की प्रतीक्षा। आधे घंटे बाद, जब बनवारी लाल जी का फोन गर्म होकर तवे जैसा हो गया और उनके कान का आकार फोन के स्पीकर जैसा हो गया, तब अचानक संगीत रुका। एक कर्कश आवाज आई- 'हेलो, मैं आपकी क्या सहायता कर सकता हूँ?' बनवारी लाल जी की आँखों में खुशी के आँसू आ गए। उन्होंने अपनी पूरी व्यथा सुनाई-कैसे उनका नेट नहीं चल रहा, कैसे उनका पोता ऑनलाइन क्लास नहीं ले पा रहा। उधर से जवाब मिला- 'क्षमा करें सर, आपका फोन गलत विभाग में लग गया है। मैं आपको 'टेक्नीकल टीम' को ट्रांसफर कर रहा हूँ। कृपया लाइन पर बने रहें।' और फिर... वही बांसुरी! वही तड़प! बनवारी लाल जी को लगा जैसे वे किसी प्राचीन मंदिर के गर्भगृह के सामने खड़े हैं, जहाँ पुजारी कह रहा है कि 'देवता' अभी सो रहे हैं, तुम बाहर बैठकर कीर्तन सुनो। पूरे दो घंटे बीत गए। बनवारी लाल जी अब संगीत के इतने आदि हो चुके थे कि वे खुद भी उस धुन पर गुनगुनाने लगे थे। उन्हें लगने लगा था कि अब उनका रिश्ता उस 'होल्ड म्यूजिक' से गहरा हो गया है। तभी अचानक कॉल कट गई। बनवारी लाल जी ने फिर से डायल किया। इस बार जैसे ही घंटी बजी, उधर से आवाज आई- 'सर, आपकी पिछली कॉल के फीडबैक के लिए यह सर्वे है। हमारी सेवाओं से आप कितने संतुष्ट हैं? 1 दबाएँ यदि बहुत संतुष्ट हैं' बनवारी लाल जी ने बड़े शांत भाव से '1' दबाया। उनकी पत्नी ने हैरान होकर पूछा, 'अरे! नेट तो ठीक हुआ नहीं, तुमने 'संतुष्ट' क्यों लिखवाया?' बनवारी लाल जी ने दार्शनिक अंदाज में कहा, 'अरी भाग्यवान, मैं सेवा से संतुष्ट नहीं हूँ, मैं तो इस बात से खुश हूँ कि दो घंटे तक उन्होंने मुझे मुफ्त में वो संगीत सुनाया जो सुनकर मुझे समझ आ गया कि- 'इंतजार का फल मीठा नहीं, बल्कि 'साइलेंट' होता है।' वैसे भी, नेट नहीं चल रहा तो क्या हुआ, आज दो घंटे बाद मुझे पता चला कि मेरा बीपी अब 'म्यूजिक प्रूफ' हो चुका है।'



ललित शर्मा
संपादक

## माँ का आँचल



डॉ. प्रियंका सौरभ

कविता

रंगों में भीगा नन्हा सा चेहरा,
मुस्कान में छुपा है सारा सवेरा।
माँ की बाहों में दुनिया सारी,
प्यारी सी ये होली हमारी।

गालों पर गुलाल सजा है,
आँखों में इंद्रधनुष रचा है।
नन्हे हाथों की गर्माहट में,
सपनों का मौसम बसा है।

माँ का आँचल लाल सुहाना,
जैसे प्रेम का रंग पुराना।
बेटा चिपका सीने से ऐसे,
जैसे चाँद मिला हो ठिकाना।

हँसी की पिचकारी छू जाए,
मन का हर डर दूर भगाए।
रंगों से लिखी ये कहानी,
ममता को और गहरा जाए।

नन्हा मन और माँ की माया,
सबसे सुंदर जग की छाया।
होली आई, खुशियाँ लाई—
प्यार ही सबसे बड़ा रंग बताया।

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल



ललित गर्ग
लेखक



बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय? नीतिश कुमार को लंबे समय से 'सुशासन पुरुष' के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है। नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है।

विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे 'जनादेश के साथ खिलवाड़' और 'राजनीतिक समझौते की राजनीति' करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है। दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है। किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा। यदि नई नेतृत्व संरचना बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करती है, तो यह परिवर्तन राज्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यदि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह निर्णय बिहार के लिए सकारात्मक परिणाम ला सकता है। बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है। आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है और कई क्षेत्रों में अपराध तथा असुरक्षा की भावना जनजीवन को प्रभावित करती रही है। ऐसे में यदि नई सरकार दृढ़ नीतियों के साथ विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है, तो यह सत्ता परिवर्तन राज्य के लिए नई दिशा और नई दशा का वाहक बन सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक इसे बिहार के लिए संभावित अवसर के रूप में देखते हैं-एक ऐसा अवसर, जिसमें सुशासन, विकास और सुरक्षित जनजीवन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है और राज्य प्रगति के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर हो सकता है। बिहार की राजनीति में नीतिश कुमार का राज्यसभा की ओर जाना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक बड़े परिवर्तन की शुरूआत है। इसमें जहाँ विपक्ष जनादेश के सवाल को उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे नए नेतृत्व और नई दिशा के अवसर के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इतिहास गवाह है कि कई बार राजनीतिक परिवर्तन ही विकास की नई संभावनाओं का मार्ग खोलते हैं।

# देशभर में मेट्रो एटीकेट अभियान शुरू करने की जरूरत



स्नेहा सिंह
लेखिका

भारत जब विकसित देश बनने का सपना देख रहा है, तब बुनियादी स्तर पर भी कुछ सुधार करना जरूरी है। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करना, कहीं भी कचरा फेंकना, सार्वजनिक जगहों पर झगड़ा करना और यात्रा के दौरान शिष्टाचार का पालन करना जैसे मुद्दे बहुत महत्वपूर्ण हैं। लोगों में थोड़ा सुधार जरूर देखने को मिलता है। कुछ लोग कचरा फेंकने के लिए डस्टबिन खोजते हैं। लेकिन इस समय सबसे बड़ी समस्या ट्रैवल एटीकेट की है। लोग यात्रा के दौरान शिष्टाचार भूल जाते हैं। जब विदेशी लोग हमारे साथ यात्रा करते हैं, तो वे देश की गलत छवि अपने साथ लेकर जाते हैं।

बेंगलुरु में 'मेट्रो एटीकेट' नाम से एक अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें यात्रियों के व्यवहार में सुधार पर जोर दिया जा रहा है। बेंगलुरु का उदाहरण इसलिए दिया जा रहा है, क्योंकि वहां यात्रियों के गलत व्यवहार और नियम तोड़ने के एक लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पिछले वर्ष यह संख्या 57,538 थी। बेंगलुरु मेट्रो रेल कार्पोरेशन फ्रं लिमिटेड के लिए कुछ यात्री सिरदर्द बन गए हैं। माना जाता है कि जितनी शिकायतें दर्ज हुई हैं, उससे कहीं अधिक शिकायतें दर्ज ही नहीं हो पाई होंगी। ट्रैवल एटीकेट में तेज आवाज में म्यूजिक बजाने की शिकायतें बड़ी संख्या में सामने आती हैं। कुछ मामलों में सीनियर सिटीजन, गर्भवती महिलाओं या दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित सीटों से भी लोग उठने को तैयार नहीं होते। कई लोग पान या तंबाकू खाकर मेट्रो कोच के कोनों में थूक देते हैं। कुछ लोग बिना वजह धक्का-मुक्की करते हैं। लगातार शिकायतों से परेशान होकर अधिकारियों ने मेट्रो एटीकेट अभियान शुरू किया है। कुछ लोग मोबाइल फोन का स्पीकर आन करके बात करते हैं या गाने सुनते हैं। वे हेडफोन का उपयोग नहीं करते, जिससे आसपास बैठे लोग परेशान होते हैं। जब कोई उन्हें टोकता है तो वे झगड़ा करने लगते हैं। अभियान की शुरूआत में हर कोच में होमगार्ड के दो जवान तैनात किए गए हैं। वे मोबाइल पर जोर-जोर से बात करने वालों और हेडफोन का उपयोग न करने वालों को रोकेंगे और उन्हें समझाएंगे। ट्रेन को साफ रखना, आरक्षित सीट खाली करना और तेज आवाज में बात न करना जैसी बातों के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी। मेट्रो अधिकारियों के इस कदम की सराहना हो रही है। सोशल नेटवर्क पर लोग अधिकारियों से और अधिक सख्ती बरतने की मांग कर रहे हैं और स्टेशनों तथा कोच के अंदर इसकी घोषणाएं करने का सुझाव दे रहे हैं। इसमें यात्रियों को लाइन में खड़े रहने और महिला यात्रियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार रखने की सलाह देने की भी बात कही गई है। बेंगलुरु को भारत की सिलिकॉन वैली कहा जाता है। दुनिया भर के लोग यहां नौकरी के लिए आते हैं। कई वैश्विक कंपनियों के कार्यालय बेंगलुरु में हैं। शहर में ट्रैफिक की समस्या बहुत गंभीर होने के कारण लोग मेट्रो का उपयोग अधिक करने लगे हैं। लेकिन ट्रैवल एटीकेट के मामले में यात्री उतने गंभीर नहीं हैं। विदेश से आने वाले लोग एटीकेट को लेकर बहुत सजग रहते हैं। हमारे लोग विदेशों की कई चीजों का अनुकरण करते हैं, लेकिन उनसे शिष्टाचार सीखने की कोशिश नहीं करते। मेट्रो भले ही आधुनिक हो, लेकिन उसमें यात्रा करने वाले लोग खुद को सुधारने के लिए तैयार नहीं हैं। सिर्फ बेंगलुरु ही नहीं, बल्कि यात्रा शिष्टाचार की कमी देश के लगभग हर परिवहन माध्यम में देखने को मिलती है। इसलिए बेंगलुरु में शुरू किए गए इस ट्रैवल एटीकेट अभियान को पूरे देश में लागू करने के बारे में भारत के रेलवे और राज्यों के परिवहन तंत्र को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# नारी: समाज की शक्ति और राष्ट्र की आधारशिला



डॉ. अशोक कुमार वर्मा
लेखक



प्रतिवर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल महिलाओं को सम्मान देने का अवसर ही नहीं है, बल्कि उनके संघर्ष, त्याग, उपलब्धियों और समाज में उनके अमूल्य योगदान को याद करने का भी दिन है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को समाज के प्रत्येक क्षेत्र में समान अधिकार, अवसर और सम्मान दिलाने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। यह दिन हमें यह सोचने के लिए भी प्रेरित करता है कि आज के आधुनिक युग में महिलाओं की स्थिति क्या है और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमें क्या प्रयास करने चाहिए। इतिहास पर दृष्टि डालें तो ज्ञात होता है कि वर्ष 1908 में अमेरिका की महिलाओं ने समान अधिकारों, सुदृढ़ कार्य परिस्थितियों और उचित मजदूरी की मांग को लेकर आंदोलन किया था। उस समय महिलाएं लंबे समय तक काम करती थीं, परंतु उन्हें पुरुषों की तुलना में कम मजदूरी मिलती थी और उनके अधिकार भी सीमित थे। महिलाओं ने इस अन्याय के विरुद्ध आंदोलन किया और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया। इसके बाद 1910 में डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में एक अंतरराष्ट्रीय महिला समाजवादी सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में जर्मनी की समाजसेवी क्लारा जेटकिन ने यह प्रस्ताव रखा कि प्रत्येक वर्ष महिलाओं के अधिकारों और समानता के समर्थन में एक दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। इस प्रस्ताव को सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने समर्थन दिया। इसके बाद कई देशों में महिला दिवस मनाया जाने लगा। वर्ष 1975 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने आधिकारिक रूप से 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की। इसके बाद से यह दिवस पूरे विश्व में बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जाने लगा। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम, संगोष्ठियां, रैलियां और जागरूकता अभियान आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में समानता को बढ़ावा देना है।

यदि हम भारत की बात करें तो यहां प्राचीन काल से ही नारी को उच्च स्थान दिया गया है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का प्रतीक माना जाता है। हमारे धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में भी नारी को विशेष महत्व दिया गया है। भगवान के नाम का उच्चारण करते समय भी नारी को पहले स्थान पर रखा जाता है, जैसे - सीताराम, राधेश्याम, लक्ष्मीनारायण आदि। कभी भी किसी भगवान की मूर्ति को देखते हैं तो उसमें युगल को स्थापित किया जाता है। पुरातन समय में राजा महाराजा भी अपनी रानी के संग बैठे दिखाई देते हैं। इतना ही नहीं, भारत की पवित्र नदियों के नाम भी नारी शक्ति का प्रतीक हैं, जैसे - गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी और गोदावरी। भारत में अपने देश को भी 'भारत माता' कहकर संबोधित किया जाता है। जब किसी घर में पुत्री का जन्म होता है तो लोग कहते हैं कि 'घर में लक्ष्मी आई है।' यह सब उदाहरण इस बात को स्पष्ट करते हैं कि भारतीय समाज में नारी को सम्मानित स्थान प्राप्त है। इसके साथ ही यह भी एक सच्चाई है कि आज भी समाज के कई हिस्सों में महिलाओं को अनेक कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। शिक्षा की कमी, सामाजिक कुरीतियां, भेदभाव, घरेलू हिंसा और असमान अवसर जैसी समस्याएं आज भी कई महिलाओं के जीवन को प्रभावित करती हैं। इसलिए महिलाओं की स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए समाज में जागरूकता और शिक्षा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। कहा भी गया है-

सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में,
शिक्षा बिना ही आज हम पड़ रहे हैं क्लेश में।
शिक्षा बिना कभी कोई बन सकता नहीं सत्पात्र है,
शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है।

एक शिक्षित महिला केवल अपने जीवन को ही नहीं बदलती, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रगति के मार्ग पर ले जाती है। एक शिक्षित और संस्कारित महिला अपने परिवार की धुरी होती है। वह अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देती है, परिवार को एकजुट रखती है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। आज के आधुनिक युग में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। शिक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खेल, राजनीति।

# डाइट कंट्रोल और समोसे का सम्मोहन

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

मनुष्य के जीवन में 'संकल्प' और 'समोसे' का वही रिश्ता है जो चूहे और बिल्ली का होता है। आप कितनी भी बड़ी 'डाइट कंट्रोल' की दीवार खड़ी कर लें, एक गरम समोसा उस दीवार के नीचे से 'सुरंग' बनाकर आपके आत्मबल को धराशायी कर देता है। हमारे मित्र 'गजाधर बाबू' ने जब से डॉक्टर की यह बात सुनी कि उनका शरीर अब 'इंसानी शरीर' कम और 'फैट का गोदाम' ज्यादा लग रहा है, उन्होंने 'डाइट' का भीषण व्रत ले लिया। गजाधर बाबू ने घोषणा कर दी कि अब वे केवल 'घास-फूस' यानी सलाद पर जीवित रहेंगे। उनके डाइनिंग टेबल पर अब खीरे, ककड़ी और उबली हुई लौकी का साम्राज्य था। वे इन चीजों को ऐसे देखते थे जैसे कोई मुजरिम अपनी हथकड़ियों को देखता है। श्रीलाल शुक्ल के शब्दों में कहें तो, गजाधर बाबू का यह त्याग वैसा ही था जैसे कोई भ्रष्ट अधिकारी रिटायरमेंट के बाद 'सत्य और अहिंसा' पर प्रवचन देने लगे। लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था। एक शाम गजाधर बाबू दफ्तर से लौट रहे थे। रास्ते में 'मुन्ना हलवाई' की दुकान थी। मुन्ना हलवाई के यहाँ समोसे तलने की क्रिया किसी 'यज्ञ' से कम नहीं होती। कड़ाही में खौलता हुआ तेल, और उसमें गोते खाते हुए सुडौल समोसे-जैसे स्वर्ग की अप्सराएँ अमृत कुंड में स्नान कर रही हों। समोसे की वह सोंधी खुशबू जब गजाधर बाबू की नासिकाओं से टकराई, तो उनके 'डाइट संकल्प' के फेफड़े फूलने लगे। उनका मन चिल्लाया- 'भाग गजाधर, ये मायाजाल है!' पर उनका पेट पलटकर बोला- 'अबे रुक! देख तो सही, आलू का वो श्रृंगार, मसालों की वो जुगलबंदी। गजाधर बाबू दुकान के सामने ऐसे ठिठक कर खड़े हो गए जैसे कोई सन्यासी अपनी पुरानी प्रेमिका को देख ले। उन्होंने सोचा, 'एक समोसे से क्या होगा? न्यूटन ने भी तो कहा था कि हर क्रिया की प्रतिक्रिया होती है, तो एक समोसे की प्रतिक्रिया में मैं कल दो किलोमीटर ज्यादा चल लूँगा। यह वह तर्क है जो दुनिया का हर डाइट करने वाला इंसान खुद को 'बेवकूफ' बनाने के लिए इस्तेमाल करता है। वे दुकान के करीब पहुँचे। समोसा एकदम गरम था, उसकी पपड़ी ऐसी कुरकुरी कि छूने मात्र से 'साहित्यिक संगीत' पैदा हो। गजाधर बाबू ने समोसे को हाथ में लिया। वह उनके हाथ में ऐसे थिरक रहा था जैसे कोई नवजात शिशु। उन्होंने उसे चटनी में डुबोया-हरी चटनी यानी तीखा प्रहार और लाल चटनी यानी मीठा धोखा। जैसे ही उन्होंने पहला निवाला लिया, उन्हें लगा कि उनके भीतर की 'कैलोरी' पुलिस ने हड़ताल कर दी है और 'कोलेस्ट्रॉल' के गुंडे जश्न मनाने लगे हैं। स्वाद ऐसा कि उन्हें लगा जैसे मोक्ष का द्वार उनके तालू में खुल गया है। गजाधर बाबू अभी दूसरे समोसे पर हाथ साफ कर ही रहे थे कि अचानक उनके पीछे एक परिचित आवाज गूँजी- 'अरे गजाधर भाई! ये क्या? आप तो कह रहे थे कि अब आप केवल उबला हुआ पानी और हवा खाकर जिएंगे?' पीछे उनके डॉक्टर खड़े थे, जो खुद हाथ में 'जलेबी' का दोना थामे हुए थे। गजाधर बाबू का समोसा उनके हाथ में ही जम गया। वे हड़बड़ाए, पर हार मानने वाले कहाँ थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ 07 मार्च को, थार नगरी, बाड़मेर में 41 स्थानों पर होगा आयोजन

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बाड़मेर राजस्थान।** त्रि-दिवसीय ऐतिहासिक चादर महोत्सव के दूसरे दिन 07 मार्च को वैश्विक स्तर पर होने वाले दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ को लेकर थार नगरी, बाड़मेर में तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जिस कड़ी में गुरूवार को सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश अमन की उपस्थिति में सफेद आकड़ा रोड़ स्थित खेतेश्वर कॉलोनी में स्थान चयन, सम्पर्क एवं पोस्टर विमेचन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गई तथा जिम्मेदारियां तय की गई।

सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि श्री दादा गुरूदेव इकतीसा पाठ को ऐतिहासिक व भव्य बनाने को लेकर थार नगरी, बाड़मेर में तकरीबबन 41 स्थानों पर आयोजन करवाने को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। जिस कड़ी में गुरूवार को सफेद आकड़ा रोड़ स्थित खेतेश्वर कॉलोनी में स्थान चयन, सम्पर्क एवं पोस्टर विमेचन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में स्थानीय श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रही। इस सम्पर्क कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारियां तय की गई।

केवलचन्द छाजेड़ ने बताया कि यह भी उल्लेखनीय है कि जैन धर्म में खरतरगच्छ के दादा श्री जिनदत्त सूरि के 872 वर्ष के उपलक्ष्य में वर्तमान में मौजूद साक्ष्य व चमत्कारी उनके चोलपटे व चादर के पूजन-वन्दन को लेकर स्वर्ण नगरी, जैसलमेर में ऐतिहासिक व विराट स्तर पर चादर महोत्सव का आयोजन प. पू. खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत श्री जिनमणि प्रभ सूरिश्वरजी मसा आदि ठाणा की पावन निश्रा में होने जा रहा है।

जिस क्रम में 07 मार्च को प्रातः 11.30 बजे से 12.30 बजे के मध्य वैश्विक स्तर पर 01 करोड 08 लाख लोगों के लक्ष्य को लेकर दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ का आयोजन होगा।

थार नगरी, बाड़मेर में श्री दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ हेतु निम्नलिखित स्थान निर्धारित किये गये है। जिनमें जैनम भवन महावीर सर्किल, ज्ञान वाटिका जूना किराडू मार्ग वार्ड सं. 9, ज्ञान वाटिका शारदा स्कूल के पास वार्ड सं. 10, केयुप भवन मोक्ष मार्ग, ढाणी जैन धर्मशाला, ज्ञान वाटिका ढाणी बाजार, बोहरा दादी मंदिर खागल्ल मोहल्ला, चिंतामणि धर्मशाला खागल्ल मोहल्ला, अंकी बाई धर्मशाला खागल्ल मोहल्ला, ज्ञान वाटिका सुखरामदासजी की गली, दादावाड़ी लीलरिया धोरा, स्थानक भवन तेलियों का वास, दादावाड़ी महावीर चौक कल्याणपुरा, सूजी धर्मशाला कल्याणपुरा, राइजिंग स्टार पाठशाला कल्याणपुरा, ज्ञान वाटिका हमीरपुरा, जामेजी की गली, तेरापंथ भवन प्रताप जी की पोल, खरतरगच्छ आयम्बिल शाला प्रताप जी की पोल, करमूजी की गली, जैन न्याति नोहरे की गली, श्री भगवानदास जी छाजेड़ का मकान, बोहरा प्लॉट स्कूल नं. 4, गरबा चौक स्कूल नं.4, महाबार रोड, रेन बसेरा के पीछे गली नं. 2, जिरावल्ला मंदिर रेन बसेरा के पीछे, ज्ञान वाटिका माहेश्वरी भवन के पास रेन बसेरा के पीछे, खेतेश्वर कॉलोनी, महाबार रोड़, दुर्गा रेजिडेंसी, सामुदायिक सभा भवन महावीर सर्किल, फ्यूचर लिंक टेक्नो स्कूल, एमवीसी पब्लिक स्कूल कुशल वाटिका, आदर्श विद्या मंदिर लंगेरा, आदर्श विद्या मंदिर ढाणी बाजार, आदर्श विद्या मंदिर जोशियों का वास, आदर्श विद्या मंदिर रोहिडा पाड़ा, सांसियों का तला, माजीसा धाम भवन महावीर सर्किल, रामा चौक नोहरे की गली आदि स्थान शामिल है।

# किले के मैदान में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया




गुलजार आलम

**रामपुर।** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से किले के मैदान पर होली मिलन समारोह में सामाजिक लोग धार्मिक लोग वह नेताओं के द्वारा गले मिलकर होली पर्व की एक दूसरे को बधाई दी समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा होली का पर्व भाईचारे का पर्व है जिसे सभी धर्म के लोग मिलजुल कर मनाते हैं यह त्यौहार हम सबके लिए खुशियों का त्यौहार है किले के मैदान पर सभी लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी इस मौके पर लखविंदर सिंह दलवारा सिंह सुरेंद्र सिंह सुरजीत सिंह नारायण सिंह खुशवंत सिंह बाजवा कुलविंदर सिंह मनिंदर सिंह सुरजीत सिंह ग्रंथी इंद्रजीत सिंह अमनदीप सिंह मनजीत सिंह मनप्रीत सिंह मौजूद रहे।

# कूचा देवी दास में रंगों की बरसात, पूरे मोहल्ले ने एक परिवार बनकर मनाई होली



गुलजार आलम

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला कूचा देवी दास में इस वर्ष भी होली का पर्व बीते वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बेहद हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। सुबह की पहली किरण के साथ ही उत्साह का रंग ऐसा चढ़ा कि पूरा मोहल्ला रंगोत्सव में डूब गया।

सुबह लगभग 10 बजे मोहल्ले की समस्त महिलाएं अंदर चौक में एकत्रित हुईं। हंसी-ठिठोली और गीतों के बीच विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। गेम्स में विजयी प्रतिभागियों और आकर्षक वेक कपल को सुंदर उपहार भेंट किए गए, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो उठा। इसके बाद सामूहिक होली खेलने का कार्यक्रम शुरू हुआ, जहां गुलाल और अबीर की खुशबू ने वातावरण को रंगीन बना दिया।

पानी की बौछारों ने जैसे पूरे आयोजन में नई जान डाल दी। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी ने एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया। डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर ठुमके लगाए तो बुजुर्गों ने भी तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा मोहल्ला एक ही परिवार बनकर खुशियां मना रहा हो। स्वादिष्ट व्यंजनों की महक ने रंगों की मस्ती को और भी बढ़ा दिया। गुझिया, नमकीन और अन्य पकवानों का आनंद लेते हुए लोग होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। बाहर से आए मेहमानों ने भी इस अनूठे आयोजन की खुलकर सराहना की। उनका कहना था कि जिस तरह पुराने समय में मोहल्ले एकजुट होकर पारिवारिक माहौल में होली मनाते थे, वही दृश्य कूचा देवी दास में देखने को मिला।

# सौहार्द पूर्वक मनाया गया होली, फगुआ गीतों पर थिरके ग्रामीण एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दी बधाई



संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद क्षेत्र के गौर गांव, चक्रपानपुर, लालपुर, राने गांव, खालिसपुर, रूपापुर, चित्रसेनपुर, पूरे, ठठरा, कछवांरोड, मानापुर छतेरी, खजुरी, कल्लीपुर, मेंहदीगंज, बेनीपुर, नागेपुर सहित आदि गांवो में बुधवार को रंगों का अद्भुत पर्व होली लोक प्रचलित परंपराओं के साथ होली का पर्व खुशी एवं सौहार्द पूर्वक मनाया गया। रंगों की इंद्रधनुषी फुहारों व अबीर-गुलाल व जोगीरा के राग के साथ अलमस्तों की टोली हुड़दंग करती सड़को पर झूमती-गाती थिरकती रही। जिससे सड़के लाल, नीले, पीले, हरे व गुलाबी रंगों से रंगीन हो गई। वही दोपहर बाद ग्रामीण नए कपड़ो में अबीर गुलाल हाथ में लेकर अपने बड़े बुजुर्गो मित्रो परिवारीजनों को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया तो कही गले मिलकर खुशी जताई। होली के मद्देनजर सुरक्षा को देखते हुए मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय पूरे क्षेत्र में फोर्स के साथ भम्रण करते नजर आए।वही क्षेत्र के नवयुवक एक-दूसरे के साथ टोली बना कर चट्टी चौराहो व प्रमुख मार्गों पर एकत्र हो गए।एक-दूसरे संग जमकर फगुआ फिल्मी गानों पर डांस करते हुए रंग खेला। सड़को से गुजरने वाले राहगीरों को भी नही बख्शा।

# गरीबों का मसीहा रमजान माह में सैकड़ों जरूरतमंद बेसहारा परिवारों को दे रहे राशन: एहसान अंसारी



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इस समय पूरी दुनिया में रमजान है का पवित्र महीना चल रहा है। रमजान माह इस्लाम धर्म का एक पवित्र महीना है, जिसे मुसलमानों द्वारा मनाया जाता है यह इस्लामिक कैलेंडर नौवा महीना और 29.30 दिनों तक चलता है, रमजान माह में दुआ और इबादत का महीना रहता है जहां मुसलमान इस महीने में पांच वक्त का नमाज पढ़ते है दुआ करते इबादत करते है कुरान पढ़ते है रोजा रखते है। वही इस महीने रमजान माह में बिहार बांका जिला के गरीबों का मसीहा जो लगातार अच्छे काम करते है , इन दिनों एक अच्छे कार्य से चर्चा में है रमजान माह में गरीबों बेसहारा परिवार को गरीबों के मसीहा के द्वारा उन्हें राशन दिया जा रहा है, ताकि रोजा और इफ्तार में सुविधा हो, गरीबों का मसीहा द्वार पूरे बांका में टीम सर्वे करके उन गांव घर खुद पहुंचकर राशन दे रहे है जिन्हें जरूरत हो , टीम सदस्य मोहम्मद जिब्राइल अंसारी और अमजारूल अंसारी ने कहां गरीबों का मसीहा का प्रयास है हर गरीब बेसहारा लोगों की मददगार बने, चाहे किसी की इलाज में मदद की आवश्यकता हो या किसी अनाथ बेसहारा गरीब परिवार की लड़की की शादी हो सबकी मदद किया जाता है।

# होली पर बबलू भाई का संदेश: हिंदू-मुस्लिम भाईचारा ही असली ताकत



**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** होली के पावन पर विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर जनपद बुलंदशहर में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष/जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव के कैंप कार्यालय पर होली की शुभकामनाएं देने पहुंचे मुस्लिम साथियों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी ने गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हुए हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया। वही उपाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने समाज में हिंदू मुस्लिम एकता के साथ-साथ भाईचारे को बढ़ावा देने वाले ऐसे मित्रों व समाजसेवियों का अहम योगदान बताया। होली मिलने वालों में आसिफ खान, चमन राइन व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बबलू कुरैशी सम्मिलित रहे।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

गुलजार आलम

**रामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी, रामपुर, पुलिस अधीक्षक, रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर तथा पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण और पुलिस परिवारजनों ने एकत्रित होकर रंगों के इस पर्व को मिलकर मनाया ।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने कहा, 'होली मिलन समारोह का उद्देश्य पुलिस परिवारों के बीच आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करना और सामूहिक खुशी का वातावरण बनाना है । इस प्रकार के आयोजन हमारी एकता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं।' होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, पुलिस कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे, जिन्होंने मिलकर होली की शुभकामनाएँ दीं और एक-दूसरे के साथ रंग खेलकर होली पर्व की खुशियाँ साझा कीं ।



# पेड़ से टकराकर गिरे बाइक सवार तीन गम्भीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के खालिसपुर गांव (मिजार्मुराद) नहर मार्ग पर बुधवार की सुबह दस बजे एक स्कूटी पर सवार होकर अमिनी से मिजार्मुराद बाजार की तरफ जा रहे स्कूटी सवार नहर के किनारे एक पेड़ से टकराकर गम्भीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई मधुसूदन त्रिपाठी ने गम्भीर रूप से घायल राजातालाब थाना क्षेत्र के वैरवान गांव निवासी बृजेश उर्फ प्रद्युम्न पटेल को इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजे वही राहुल और सोनेलाल को दूसरी एम्बुलेंस इलाज हेतु पास के एक निजी अस्पताल भेजकर भर्ती करवाया।पुलिस ने घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी।



# कांग्रेस नेता ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने बाबा दीनदयाल के दरबार में टेका माथा

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बुलंदशहर।** होली के पावन पर्व पर छोटी काशी अनूपशहर जनपद बुलंदशहर बाबा दीनदयाल मंदिर पर लगने वाले विशाल मेले व होली के दिन मंदिर में बाबा दीनदयाल की समाधि के होने वाले दर्शनों के लिए मंडल अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ उपाध्यक्ष/कोऑर्डिनेटर कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने नेताओं, समाजसेवियों व पत्रकारों के साथ मंदिर में मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हुए, बाबा दीनदयाल के दर्शन कर क्षेत्र, जनपद, प्रदेश व देश की खुशहाली की कामना की। दर्शन के दौरान मंदिर में पत्रकार अश्वनी भारद्वाज, एलआईयू से संजीव यादव, एलडीएवी के मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, क्षत्रिय महासभा के युवा साथी मोहित पवार, कांग्रेस नेता व प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ व युवा नेता बबलू कुरैशी व कांग्रेस नेता राजेंद्र शर्मा आदि लोग सम्मिलित रहे।





# प्रख्यात साहित्यकारों को मिला 'कुशवासी महोत्सव-2026' का आमंत्रण

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**नई दिल्ली।** लोक कला, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण को समर्पित 'कुशवासी महोत्सव-2026' में देश के प्रख्यात साहित्यकारों को विशेष आमंत्रण प्राप्त हुआ है। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक-पत्रकार डॉ. शंभू पंवार, सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' तथा साहित्यकार डॉ. सत्यवीर निराला इस महोत्सव में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

यह तीन दिवसीय महोत्सव 29 से 31 मार्च तक गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) के मेला मैदान, भस्म कुशवासी में आयोजित किया जाएगा। आयोजन धराधाम इंटरनेशनल, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (संस्कृति विभाग, गोरखपुर) तथा राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न होगा। 31 मार्च को आयोजित मुख्य समारोह में सहभागिता हेतु धराधाम इंटरनेशनल के प्रमुख, सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय ने दिल्ली प्रवास के दौरान प्रख्यात साहित्यकारों को औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की पाठ्यक्रम समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद डॉ. एहसान अहमद भी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि डॉ. शंभू पंवार, जो संत गाडगे विश्व कल्याण सिद्ध पीठ, हरिद्वार के संरक्षक के रूप में भी विख्यात हैं, तथा डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत', जो साहित्य और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, महोत्सव में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विमर्श में सहभागिता करेंगे।देशभर से साहित्यकारों, विद्वानों और कलाकारों की उपस्थिति से यह सांस्कृतिक महाकुंभ क्षेत्रीय लोक कला, सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा तथा राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता का सशक्त संदेश देगा।

डॉ.सौरभ का जीवन पाठयपुस्तकों में इस अवसर पर संत डॉ.सौरभ ने उनके विचारों एवं सामाजिक योगदान पर आईसीएसइ पाठ्यक्रम में प्रेरक पाठ कक्षा 8 की सामान्य हिंदी में, एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तरप्रदेश की कक्षा 12 की सामान्य हिंदी पुस्तक में गद्यांश और पद्यांश लिखे गए है। उक्त दोनों पुस्तके भी भेंट की।

# सौहार्द पूर्वक मनाया गया होली, फगुआ गीतों पर थिरके ग्रामीण एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दी बधाई

## मिर्जामुराद थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने जमकर खेली होली: संदीप तिवारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**मिर्जामुराद (कछवारोड़)।** मिर्जामुराद क्षेत्र के गौर गांव, चक्रपानपुर, लालपुर, राने गांव, खालिसपुर, रूपापुर, चित्रसेनपुर, पूरे, ठठरा, कछवांरोड, खजुरी, कल्लीपुर, मेंहदीगंज, बेनीपुर, नागेपुर सहित आदि गांवो में बुधवार को रंगों का अद्भूत पर्व होली लोक प्रचलित परंपराओं के साथ होली का पर्व खुशी एवं सौहार्द पूर्वक मनाया गया। रंगों की इंद्रधनुषी फुहारों व अबीर-गुलाल व जोगीरा के राग के साथ अलमस्तों की टोली हुड़दंग करती सड़को पर झूमती-गाती थिरकती रही। जिससे सड़के लाल, नीले, पीले, हरे व गुलाबी रंगों से रंगीन हो गई। वही दोपहर बाद ग्रामीण नए कपड़ो में अबीर गुलाल हाथ में लेकर अपने बड़े बुजुर्गो मित्रो परिवारीजनों को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया तो कही गले मिलकर खुशी जताई। होली के मद्देनजर सुरक्षा को देखते हुए मिर्जामुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय पूरे क्षेत्र में फोर्स के साथ भम्रण करते नजर आए।वही क्षेत्र के नवयुवक एक-दूसरे के साथ टोली बना कर चट्टी चौराहो व प्रमुख मार्गो पर एकत्र हो गए।एक-दूसरे संग जमकर फगुआ फिल्मी गानों पर डांस करते हुए रंग खेला। सड़को से गुजरने वाले राहगीरों को भी नही बख्शा। वाहन सवारों को रोक- रोककर बुरा न मानो होली कहकर रंग दिया।चट्टी-चौराहो व गलियों में लाउडस्पीकरो पर 'बलम पिचकारी, जो तूने मुझे मारी' और 'होली खेले रघुवीरा, अवध में होली खेले रघुवीरा' आदि गीत बजते रहे। वही मिर्जामुराद बाजार में, करधना बाजार, कछवांरोड बाजार व खजुरी में सुरक्षा को देखते हुए करधना चौकी प्रभारी अजित कुमार मिश्रा, खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल, कछवांरोड रामचन्द्र यादव, एसएसआई अजय तिवारी, एसआई प्रेम कुमार, कौशल किशोर, मधुसूदन त्रिपाठी, महेंद्र सरोज, दिवान अवनींद्र मिश्रा, गोविंद निषाद, कमल प्रजापति, रविकांत सिंह, हरिराम शुक्ला समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।वही होली के दूसरे दिन गुरुवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय के साथ थाने के समस्त पुलिसकर्मियों ने अबीर गुलाल के साथ रंग लेकर एक दूसरे को लगाकर जमकर होली खेले।

# फिल्म की शूटिंग देखने के लिए क्षेत्र की जनता उत्साहित



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** कस्बा अहार में गंगा किनारे वन विभाग यानी जंगलात परिसर में एक बेबसीरीज फिल्म की शूटिंग चल रही है। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है।फिल्म कलाकारों, कर्मचारी जंगल में तम्बू लगा कर रहे हैं। सुबह करीब दस बजे से शाम के पांच बजे तक शूटिंग की जाती है। अहार समेत आस पास के गांवों के लोग भी शूटिंग देखने के लिए गंगा किनारे पहुंच रहे हैं।

जगह जगह सुरक्षा गार्ड लगाए गए हैं। कोई बाहरी व्यक्ति शूटिंग मैदान में नहीं जा सके। एक कर्मचारी ने बताया कि इससे पहले ऊंचागांव के किले के मैदान में करीब बीस दिन अलग अलग तरह के शीन फिल्माए गए थे। उन्होंने कहा चार दिन बाद हरियाणा के एक जिले में बेवसीरीज फिल्म के सीन शूट किए जाएंगे।

लोगों में शूटिंग देखने के लिए उत्साह बढ़ रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह ने बताया कि शांति पूर्वक तरीके से फिल्म की शूटिंग कार्य चल रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या करने का आरोप

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**जहांगीराबाद।** नगर के अहार बाईपास के निकट एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार की दोपहर विवाहिता की उपचार के दौरान मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने आरोपी पति के साथ भी मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। जानकारी के अनुसार सुर्खरु निवासी वेदप्रकाश की पुत्री संगीता उम्र लगभग (30) वर्ष 2021 में जहांगीराबाद निवासी राहुल से शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही राहुल अक्सर शराब के नशे में संगीता के साथ मारपीट करता था। संगीता के भाई प्रभात ने बताया कि गुरुवार करीब दोपहर उन्हें सूचना मिली कि संगीता की तबियत खराब है और वह अस्पताल में भर्ती है। जहांगीराबाद पहुंचने से पहले ही उन्हें संगीता की मौत की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि गुरुवार को राहुल और संगीता के झगड़े के बाद उसकी तबियत खराब हो गई थी जिसके बाद उसे नगर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां पर उसकी बिगड़ती हालत को देख अस्पताल वालों ने तुरंत ही रेफर कर दिया। लेकिन मृतका ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी मायके वालों को दी तो वह भी मौके पर पहुंच गए और लड़की की हालत देखकर मायके के लोगों ने हंगामा करते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। मृतका के भाई प्रभात का कहना है कि सुसराल के लोग संगीता के साथ आए दिन मारपीट करते थे और दहेज के लिए उसे परेशान किया जाता था। मृतका के भाई ने राहुल सहित अन्य ससुरालजनों पर संगीता की हत्या करने की भी बात कही है।

# वाराणसी कैंट जीआरपी पुलिस ने धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

## जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने मनाई होली

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** वाराणसी कैंट जीआरपी पुलिस द्वारा पांच मार्च गुरुवार को जीआरपी बैरक में होली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन वाराणसी कैंट जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के नेतृत्व में किया गया जिसमें सभी पुलिसकर्मियों ने मिलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के बीच आपसी भाईचारा और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। सभी ने मिलकर होली के पर्व की खुशियां साझा कीं और एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेड कांस्टेबल सौभाग्य पांडे,हेड कांस्टेबल अश्वनी सिंह, हेड कांस्टेबल दानिश मासूम सहित जीआरपी के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेकर त्योहार की खुशियां मनाईं।







# बाइक सवार को रोड़वेज ने मारी जोरदार टक्कर पत्नी की मौत, पति और बच्चा घायल



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ में रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर मौत पति और बच्चा घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को समय करीब 4:00 बजे राधा पत्नी भोला पुत्र देवी चरण निवासी खडवाया थाना शिकारपुर अपनी ससुराल बेलौन जा रहे थे तभी मेरठ बदायूं मार्ग पर अहमदगढ़ थाने के निकट डिबाई की तरफ से आ रही है बुलंदशहर डिपो की रोडवेज बस ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी थाना प्रभारी प्रेमचंद शर्मा का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

**गुलजार आलम**

**वेलकम इंडिया रामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी, रामपुर, पुलिस अधीक्षक, रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर तथा पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण और पुलिस परिवारजनों ने एकत्रित होकर रंगों के इस पर्व को मिलकर मनाया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने कहा, 'होली मिलन समारोह का उद्देश्य पुलिस परिवारों के बीच आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करना और सामूहिक खुशी का वातावरण बनाना है । इस प्रकार के आयोजन हमारी एकता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं।'

होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, पुलिस कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे, जिन्होंने मिलकर होली की शुभकामनाएँ दीं और एक-दूसरे के साथ रंग खेलकर होली पर्व की खुशियाँ साझा कीं ।

# अपहरण कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सुनाई सजा

बुलंदशहर अभियुक्त रामौतार पुत्र मोहरपाल निवासी हसियागंज कस्बा व थाना डिबाई जनपद बुलंदशहर द्वारा वर्ष–2021 में वादी मुकेश निवासी मौ0 नमक मंडी कस्बा व थाना डिबाई जनपद बुलंदशहर के पुत्र का अपरहण कर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 14.10.2021 को थाना डिबाई पर मुअसं–589/21 धारा 364/302 भादवि पंजीकृत किया गया था तथा दिनांक 26.11.2021 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किये गये। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 08 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप गुरुवार को न्यायाधीश विनीत चौधरी (मा0 न्यायालय एडीजे अनूपशहर जनपद बुलंदशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त रामौतार को आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

# सावन साहित्य सेवा सदन में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन




सावन साहित्य सेवा सदन, अटल नगर (अमवा बाजार), नगर पंचायत– रामकोला, जनपद– कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में कवि सम्मेलन एवं मुशायरा तथा सम्मान समारोह का आयोजन होना सुनिश्चित है। शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ. सुनील 'सावन' ने बताया कि यह कार्यक्रम उनके सुपुत्र शौर्य सुप्रीतम् 'वेदान्त' की बरही के अवसर पर 6 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को सायं 06 :00 बजे आयोजित होगा जिसमें साहित्य जगत में उल्लेखनीय कार्य करने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा।

# किसान का बेटा बीएसएफ ट्रेनिंग के लिए रवाना गांव में देश भक्ति नारों के साथ हुई विदाई





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के मुमरेजपुर गांव से एक किसान का बेटा सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ की ट्रेनिंग के लिए रवाना हुआ है विपिन कुमार जो गांव मुमरेजपुर निवासी देवदत्त सिंह उर्फ.देवा के पुत्र हैं महाराष्ट्र के लेटर स्थित एसटीपी बीएसएफ चकोर ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। विपिन कुमार बचपन से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं उनका हमेशा से देश की सेवा में शामिल होकर भारत माता की सेवा करने का सपना था इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की और उनकी यह मेहनत रंग लाई है विपिन के पिता देवदत्त की उर्फ देव सिंह ने बताया कि उनका बड़ा बेटा विपिन कुमार काफी मेहनती और लगन शील स्वभाव का है उन्होंने कहा कि विपिन लंबे समय से देश सेवा की तैयारी कर रहा था और आज उसका यह सपना पूरा हो गया है हमें बहुत खुशी है।

# सेंट एडम्स स्कूल की बड़ी उपलब्धि:25 विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल प्रवेश परीक्षा की उत्तीर्ण

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बागेश्वर।** दिनेश नेगी,होली के पावन अवसर पर सेंट एडम्स स्कूल ने एक शानदार शैक्षणिक उपलब्धि हासिल कर शिक्षा क्षेत्र में गौरव का नया अध्याय जोड़ा है। सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रवेश परीक्षा के लिखित चरण में विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है।

कक्षा 5 एवं 8 के कुल 30 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए आवेदन किया था, जिनमें से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दशार्ता है। सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल है। इस परीक्षा में सफलता विद्यार्थियों को बड़े प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुभव से परिचित कराती है तथा भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारी बनने की दिशा में पहला महत्वपूर्ण कदम मानी जाती है। विद्यालय के लिए यह गर्व का विषय है कि सेंट एडम्स स्कूल के कई पूर्व छात्र वर्तमान में भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं, जिन्होंने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से अपने करियर की शुरूआत की थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रज़िया सिद्दीकी ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी तथा इसे सामूहिक प्रयास और निरंतर मेहनत का परिणाम बताया। विद्यालय के प्रबंधक जावेद सिद्दीकी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# वृन्दावन में समाजसेवी संगठनों ने स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती का किया सम्मान

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन।** रतन छतरी-कालीदह रोड़ स्थित गीता विज्ञान कुटीर में वेदांत उपदेशक, श्रीमद्भगवद गीता को प्रकांड विद्वान, वयोवृद्ध व प्रख्यात संत गीता विज्ञान पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज (हरिद्वार) अपनी धार्मिक यात्रा पर इन दिनों श्रीधाम वृन्दावन आए हुए हैं।उन्होंने यहां के कई प्रख्यात संतों, धमार्चार्यों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात कर धर्म- अध्यात्म व अन्य विषयों पर विचार-मंथन किया। गीता विज्ञान पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि निष्कामता परमार्थ के सभी साधनों की जननी है।



अतः हम सभी को अपने कार्य निष्काम भाव से करने चाहिए।साथ ही जगत से समता व परमात्मा से ममता रखनी चाहिए।संसार व शरीर को अपना मानना सभी पापों का मूल है।अतः संसार के सभी प्राणियों की सेवा, ईश्वर से प्रेम तथा स्वयं को त्याग करना चाहिए।साथ ही हम सभी को संयम, सेवा, सुमिरन और सादगी का पंचामृत सदैव पान करते रहना चाहिए। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि श्रीधाम वृंदावन अत्यंत पावन पुनीत योगयोगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण और उनकी शक्ति स्वरूपा श्रीराधा रानी की दिव्य लीला भूमि है।

इस भूमि पर जो भी भक्त कपट, छल, निंदा, द्वेष व हीन भावना से रहित होकर सात्विक विधि से भजन, भोजन, निवास एवं सद्कर्म करता है,उसे निश्चित ही प्रिया-प्रियतम की प्राप्ति होती है। क्योंकि ठाकुरजी स्वामी कहते हैं - 'निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा।' सत्संग कार्यक्रम में महाराजश्री की पत्रिका 'गीता लोक' के नवीन अंक का लोकार्पण भी किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रज सेवा संस्थान, ब्रजभूमि कल्याण परिषद्, मुक्तानंद चित्र वीथि, ब्रज जन सेवा समिति एवं मां सीता रसोई के द्वारा महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती महाराज को ठाकुरजी का प्रसादी पटुका ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही अंगवस्त्र और सत्साहित्य भेंट किया। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष, प्रख्यात साहित्यकार 'यूपी रत्न' डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, एडवोकेट एवं ब्रजभूमि कल्याण परिषद् के अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि महाराजश्री अपनी सतायु में भी समूचे विश्व में श्रीमद्भगवद्गीता का सघन प्रचार-प्रसार कर असंख्य व्यक्तियों को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।इस अवसर पर मुक्तानंद चित्र वीथि के अध्यक्ष 'यूपी रत्न' चित्रकार द्वारिका आनन्द, सीता रसोई के प्रबंधक आचार्य अंशुल शर्मा, ब्रज जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य ईश्वरचन्द्र रावत, महाराजश्री के परम्-कृपापात्र शिष्य स्वामी हरिकेश ब्रह्मचारी महाराज, आश्रम के व्यवस्थापक स्वामी लोकेशानंद महाराज आदि की उपस्थिति विशेष रही।

## पुलिस लाइन में भव्य होली समारोह, डीएम-एसपी ने पुलिसकर्मियों संग मनाया त्योहार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी अलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना की उपस्थिति में सकुशल होली का त्योहार सम्पन्न कराने के बाद पुलिस लाइन मे बृहस्पतिवार को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस द्वारा होली खेली गयी। इस होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी गण, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण सम्मिलित हुए, पुलिस बल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गणों द्वारा एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

# दो सड़क हादसे, महिला समेत चार लोग घायल



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** नगर के गंगेरू मार्ग पर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन पुरुष घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से एक घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने पर तहरीर नहीं दी गई थी।

गुरुवार को गंगेरू निवासी साहिल अपनी रिक्शा से गांव की महिला शहिरा को लेकर कस्बे से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक बाइक चालक अजमूदीन रेहड़े में चारा भरकर आ रहा था।

जैसे ही दोनों वाहन अलफलाहा फैक्ट्री के पास पहुंचे तो आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में साहिल, शहिरा समेत तीन लोग घायल हो गए।वहीं दूसरी और गांव खेड़ा कुर्तान निवासी सन्नी बाइक से कस्बे की ओर आ रहा था। जैसे ही वह गांव गढ़ी दौलत के समीप रजवाहे के पास पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

समाचार लिखे जाने तक दोनों घटनाओं में किसी भी पक्ष की ओर से थाने में तहरीर नहीं दी गई थी।

## भारत सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार का हापुड़ जिले जोरदार स्वागत



**हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं 8वी बार सांसद भारत सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार का हापुड़ जिले में पधारे उन्होंने आदि शक्ति मां चंडी जी के दर्शन किए उसके पश्चात जिला अध्यक्ष कविता सिंह के पटेल नगर स्थित निवास पर पहुंचने पर सभी कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष कविता जी के नेतृत्व में हार्दिक अभिनन्दन स्वागत किया जिला महामंत्री मोहन खटीक, पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, जिला उपाध्यक्ष श्यामेन्द्र त्यागी मंडल अध्यक्ष सुनील वर्मा, दीपक भाटी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुरुद्ध सिंह प्रशांत त्यागी, हितेश मोदी अमित शर्मा मनोज तोमर मुदित गोयल जय भगवान शर्मा, पायल गुप्ता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, हेमंत त्यागी शैलेन्द्र राणावत सुयश वशिष्ठ मंजू कंसल मंजू लता जी बबीता माधरे, मनोज, अशोक प्रजापति नितिन पराशर आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने मनाई होली, डीजे की धुन पर जमकर झूमे जवान

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** नगर के थाना प्रांगण में गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया। इस दौरान थाना परिसर का माहौल रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। पुलिसकर्मी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए दिखाई दिए। साथ ही डीजे की धुन पर पुलिस जवान जमकर झूमे और नाचते-गाते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं।इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने मिलकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पूरे थाना परिसर में हंसी-खुशी और उत्सव का माहौल बना रहा।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि होली के दिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। इसी कारण हर वर्ष पुलिसकर्मी एक दिन बाद आपस में मिलकर होली का त्योहार मनाते हैं।




उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है, लेकिन इसके बावजूद पुलिसकर्मी आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते हैं। इस अवसर पर थाना के समस्त पुलिसकर्मी और स्टाफ मौजूद रहे तथा सभी ने मिलकर होली के पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

## थाना मेंहदावल पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना* द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना मेंहदावल थानाध्यक्ष मेंहदावल सुरेन्द्र कुमार सिंह, हे0का0 मोतीलाल यादव, हे0का0 अजय कुमार ने मु0अ0सं 75/2026 धारा 65(1)/351(3) बीएनएस व 3 पाक्सो एक्ट थाना मेंहदावल के मामले में वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र चन्द्रिका निषाद निवासी बढ़या टोला, खैरहवा थाना मेंहदावल को बृहस्पतिवार को बाराखाल तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 04.03.2026 को थाना मेंहदावल पर वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

## रोजगार सेवकों को 7 महीने से नहीं मिला मानदेय

संतकबीरनगर। सेमरियावा ब्लाक की ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को विगत 7 महीने से नहीं मिला है जिसके कारण उनका परिवार भुखमरी का शिकार है जिसकी सुधि लेने वाला वर्तमान में कोई नहीं है। ब्लाक के ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को पिछले 7 महीने से मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में उनके सामने घर परिवार चलाने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। काम तो खूब लिया जाता है लेकिन मजदूरी कब मिलेगी इसका कोई पता नहीं है। आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे ग्राम रोजगार सेवकों की होली फीकी साबित हो रही है। जिलाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, बृजेश यादव,अमरनाथ मिश्रा, सुनील कुमार राय, वीरेंद्र यादव,राजन पटेल, दिनेश मिश्रा,दुर्गेश उपाध्याय, अशोक कुमार, कमलेश तिवारी, रामचित, राम रूप, संगम त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अमरनाथ मिश्रा, सुरेंद्र कुमार, लालचंद, आराधना चौधरी, शर्मिला देवी, राम अनुज, विजय मौर्य, राम नारायण, अनिल कुमार, सुबोध कांत, चंद्रशेखर, विजय सिंह, आफताब, सैयद अली, छोटेलाल आदि ने शासन– प्रशासन से मानदेय का भुगतान किये जाने की मांग किये हैं।

## पंचायत सहायकों को सितम्बर से नहीं मिला मानदेय

संतकबीरनगर। विकास खण्ड सेमरियावा के ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों को सितम्बर से मानदेय नहीं मिला है जिससे इनके सामने भुखमरी का संकट छाया हुआ है। जानकारी के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावा ब्लाक की ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत साहयको की होली फीकी रही। सितम्बर माह से मानदेय नहीं मिलने से यह और इनका परिवार भुखमरी का शिकार हों गया है। जिसका कोई पुरसानेहाल नहीं है। पंचायत सहायक रिजवानुल हक,उमेश कुमार, पियूष, राम भवन, सर्वेश कुमार, अखिलेश शर्मा, संदीप कुमार, गिरिजेश कुमार, जावेद जफर, मो. तारिक खान, राम केश, सुहेल खान, विजय कुमार, विशाल प्रजापति, गोरखनाथ, जनार्दन प्रसाद, महेन्द्र यादव, मनोज, विजय, मो. आसिफ, बिस्मिल्लाह, आशीष कुमार आदि ने प्रशासन से मानदेय का भुगतान कराने की मांग किये हैं।

## सेमरियावा ब्लाक की 15 ग्राम पंचायते टीबी मुक्त घोषित

संतकबीरनगर। ब्लाक क्षेत्र सेमरियावां मे जिले की स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को किए गए सत्यापन मे पन्द्रह ग्राम पंचायत टीबी मुक्त पाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अधीक्षक डा सुरेश चन्द्रा द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए अभियान चलाया गया था। वितीय वर्ष के अंत तक के सत्यापन रिपोर्ट मे 15 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त पाया गया है। ये ग्राम पंचायत हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सेहुडा, निपनियां, बजहरा,छपिया आन्नद राय उर्फ ढोका, देवरिया विजई,छाता, ढोढई, करमाडोमन, कुर्थिया,मुसरद, पिडवा,सिसवा फताउल्लाह, तेनुहारी अव्वल, तिलजा तथा उपधी ग्राम पंचायत टीबी मुक्त पाया गया। इस मौके पर टीम के सदस्य डीपीसी अमित आनंद, एसटीएस देवव्रत लाल श्रीवास्तव, डा जावेद अख़्तर, बीपीआरो राधे श्याम चौधरी मौजूद रहे।

## होटल मालिक सहित अन्य ने दो लोगों ने दलित व्यक्ति के साथ की मारपीट रिपोर्ट दर्ज



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर(पहासू)।** पहासू कस्बा में दबंग होटल मालिक और दो अन्य लोगों पर दलित व्यक्ति के साथ जमकर मारपीट करने का आरोप वारदात सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद। पीड़ित सतवीर पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी मौहल्ला बड़ा काजीखेल ने बताया है कस्बा पहासू के तीन लोगों ने मेरे साथ गाली गलौज अभद्रता मारपीट जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया है। यह घटना 25 फरवरी की शाम की है जब मैं कस्बा पहासू के भवानी होटल से खाना पैक कराने गया था वही होटल पर बैठे कलुआ पुत्र हरवीर मुकेश पुत्र हजारी सिंह व भवानी पुत्र नामालूम निवासी मौहल्ला कानून गोयान कस्बा पहासू ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था जिसमें मेरे गंभीर चोट लगी थी।

# गंगैचा में आयोजित हुई रोजा इफ्तार, सपा सांसद पप्पू निषाद हुए शामिल

## सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में रोजा इफ्तार, भाईचारे और एकता का दिया संदेश





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** सेमरियावां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगैचा में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के सांसद लक्ष्मी कांत उर्फ.पप्पू निषाद शामिल हुए। इफ्तार में सैकड़ों की संख्या में रोजेदारों और ग्रामवासियों की मौजूदगी रही, जहां आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इस दौरान सांसद लक्ष्मी कांत उर्फ.पप्पू निषाद ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी रोजेदारों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इफ्तार पार्टी के आयोजक पूर्व प्रधान रियाज अहमद ने सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि रमजान का पवित्र महीना आपसी मोहब्बत और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में एकजुटता बढ़ती है और लोग एक-दूसरे के करीब आते हैं। इस दौरान सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गौहर अली खान, समाजसेवी वसीम अहमद, प्रधान इरशाद अहमद, अजीज अहमद, इफरान अहमद, रमाकांत, धर्मेंद्र यादव, समीउल्लाह खान, सहजादे खान, श्याम विश्वकर्मा, जतिन शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## महिला ने अपने दो देवरों के खिलाफ कराई मारपीट और बदनीयती से छेड़छाड़ की रिपोर्ट पुलिस जांच में जुटी

अहमदगढ़(वेलकम इंडिया)। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सालवाहनपुर में भाभी ने अपने सगे दो देवरों पर मारपीट छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप रिपोर्ट दर्ज आरोपी फरार पुलिस जांच कर तलाश में जुटी। आपको बता दें कि पीड़िता ने बताया है कि मेरे दो देवर हरपाल और हरकेश ने मेरे एवं मेरी बेटी के साथ लाठी डंडे फावड़े से घर में घुसकर मारपीट अभद्रता की मेरे दोनों देवर हरपाल और हरकेश पुत्रगण शिवराज सिंह नशे में धुत थे जिन्होंने मेरे साथ मारपीट तथा बदनीयत से छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया है।उसके बाद आरोपियों ने पीड़िता के घर में ईट पत्थर फेंकने शुरू कर दिए जिसमें मां बेटी के गंभीर चोट लगी है। ग्रामीण शोर सुनकर पीड़िता के घर की तरफ दौड़े तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़िता ने अपने देवर हरपाल और हरकेश के खिलाफ नामजद तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पराविधिक स्वयं सेवकगण करें लोक अदालत का प्रचार - न्यायिक अधिकारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**


**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के तैयारियों के बाबत जनपद में विभिन्न थानों एवं तहसीलों में तैनात समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों के साथ बैठक आहुत किया। श्री सिंह ने निर्देशित किया की दिनांक 14-03-2026 को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु आम जन मानस में प्रचार प्रसार का होना आवश्यक है।



सभी पराविधिक स्वयं सेवक अपने-अपने क्षेत्र एवं नियुक्ति स्थल पर ज्यादा से ज्यादा लोगों में पैंपलेट वितरित करें तथा स्टीकर चस्पा करें, एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह योग्य वाद को चिन्हित करके वादकारियों को न्यायालय में उपस्थित होने का आग्रह करें।

बैठक के उपरान्त कार्यालय लिपिक राम भवन चौधरी द्वारा समस्त पराविधिक स्वयं सेवकों को पैंपलेट एवं स्टीकर प्राप्त कराया गया। उक्त बैठक में पराविधिक स्वयं सेवकगण क्रमशः अरविंद राय, सुरेश चंद्र, जितेन्द्र यादव, अनिल राय, प्रियंका, संध्या सोनी, लल्लन, सोनी वर्मा, शैलेन्द्र, त्रिलोकी समेत अन्य कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## युवाओं ने मनाई होली:रंग-गुलाल उड़ाकर दी एक-दूसरे को शुभकामनाएं



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** रंगों का पर्व होली श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस दौरान युवाओं ने मिलकर होली पारम्परिक गीतों पर नृत्य किये। सुरक्षा को लेकर पुलिस अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा।

रंगों का त्योहार होली श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दीं।

कैलेश सोनी ने कहा कि होली का त्योहार पूरे माहौल में नई ऊर्जा भर देता है। यही इस उत्सव की बड़ी विशेषता है।

हर तरफ जिस प्रकार खुशियों के रंग बिखरे नजर आते हैं, वो हर किसी को उल्लास और आनंद से सराबोर कर जाता है। एक दूसरे से गिले शिकवे मिटाकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में हम त्योहार मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर कैलेश सोनी, मनोज मोदनवाल, हितेश, दिनेश कुमार, अनिल कुमार, फूलचंद,गोपाल मोदनवाल सहित कई युवा मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही।

# नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर( शिकारपुर)।** होली पर्व के उपरांत नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु गुरुवार को नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

इस अभियान का शुभारंभ चेयरमैन एवं ईओ नीतू सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर सफाई वाहनों को रवाना कर किया गया। अभियान के अंतर्गत नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई कराई जा रही है।

साथ ही कूड़ा उठान की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए विभिन्न स्थानों पर चूना छिड़काव भी कराया जा रहा है, जिससे स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी सुश्री नीतू सिंह ने कहा कि नगर की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर पालिका निरंतर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है, लेकिन इसमें नगरवासियों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है।

यदि सभी नागरिक कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें, तो हमारा नगर निश्चित रूप से स्वच्छ एवं सुंदर बन सकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अभियान में सफाई प्रभारी जामिन अली के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की टीम द्वारा पूरे नगर में विशेष सफाई कार्य कराया जा रहा है। नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें, जिससे हमारा नगर स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बन सके।

# बुगरासी पुलिस ने जमकर खेली होली



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुगरासी।** गुरूवार को बुगरासी चौकी प्रांगण में पुलिस वालों ने जमकर होली खेली। हालांकि क्षेत्रीय लोग इस बार होली खेलने कम पहुंचे। पत्रकार भी एक दो ही पहुंचे।जो पहुंचे वो गुलाल लगवाकर ही वापिस आ गये क्योंकि उनका मानना है कि पुलिस वाले होली खेलते समय कपडे फाड देते हैं। लेकिन पुलिस कर्मी सचिन कुमार का कहना है कि इस बार किसी ने भी कपड़े नहीं पांडे। कस्बे के पूर्व चेयरमैन व समाजसेवी आफाक खांन ने चौकी जाकर गुलाल लगवाकर होली खेली। जानकारी के अनुसार इस बार चौकी में शांति पूर्वक होली मनाई गई।10 बजे से 3 बजे तक पुलिस वाले और कुछ क्षेत्रीय लोगों ने जमकर होली खेली।

# ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण

## प्रधानों व सचिवों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**पहासू(बुलंदशहर)।** गुरुवार को विकास खण्ड पहासू के सभागार में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिवों के लिए 'ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान (GPDP/BPDP/DPDP)' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए योजनाओं के निर्माण, प्राथमिकताओं के निर्धारण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की प्रक्रिया से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

पहासू ब्लॉक सभागार में गुरुवार की दोपहर ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ प्रशिक्षक शिशुपाल यादव विपिन कुमार राघव, खंड विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार शर्मा, सहायक विकास अधिकारी सत्यपाल सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षक शिशुपाल यादव एवं विपिन कुमार राघव ने ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं के चयन तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से विकास कार्यों को गति देने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि योजनाओं का सही ढंग से निर्माण और क्रियान्वयन होने से गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विकास तेजी से संभव हो सकेगा। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई जहां उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्राम प्रधानों को जानकारी दी।

सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सत्यपाल सिंह ने भी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना गांवों के विकास की आधारशिला है। उन्होंने ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों और सचिवों से प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए अपने-अपने गांवों में विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**अहमदगढ़(वेलकम इंडिया)।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव चेहला मोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेमराज पुत्र भूरे सिंह निवासी गांव गंगागढ़ थाना रामघाट अपनी बहन मीना देवी पत्नी रामगोपाल निवासी सतबरा थाना अहमदगढ़ के यहां होली खेलने के लिए आया था गुरुवार को समय करीब 10 :00 बजे अपनी बहन के यहां से अपने गांव वापस जा रहा था कि चेहला मोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हेमराज की मौके पर ही मौत हो गई एक्सीडेंट की खबर अहमदगढ़ थाना पुलिस को दी सूचना पर अहमदगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चोला थाने में ग्रामीणों के बीच पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष, गैंगरेप के आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** पचौता गांव में मेला देखने गई चोला थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी का अपहरण कर गैंगरेप करने के मामले में आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर चोला थाने में बैठे ग्रामीणों के बीच कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान पहुंचे और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। मामले में थाना पुलिस की शिथिल कार्यशैली की भर्त्सना करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आक्रोश व्यक्त किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि पचौता में मेला देखने गई नाबालिग लड़की को अपहरण कर गैंगरेप करने की घटना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि थाना चोला पुलिस का पीड़ित परिजनों के साथ खराब व्यवहार और शिथिल कार्यशैली निंदनीय है। उन्होंने एसएसपी से फोन पर वार्ता कर थाना पुलिस की कार्यशैली की शिकायत की और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की। जियाउर्रहमान ने कहा कि योगी सरकार में अपराधी बेलगाम है, पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन करेंगे।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, कॉर्डिनेटर राजकुमार पंडित, नईम मंसूरी, सचिन वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

## पेड़ पर लटका मिला शव क्षेत्र में फैली सनसनी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** अहार क्षेत्र के गांव बामनपुर में एक युवक का जंगल में मंगलवार को देर शाम एक पेड़ पर शव लटका हुआ ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच जांच शुरू की। पुलिस ने संदिग्ध हालात में लटके मिले युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक अविवाहित था। उम्र करीब 19 बताई गई है। मृतक युवक का नाम अभिषेक पुत्र रामकुमार गांव बामनपुर का रहने वाला था। पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। एक तरफ रंगों का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है उधर मृतक के घर में मातम पसरा हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों ने अभी तहरीर नहीं दी है।

## देवी के मंदिर से लाखों के गहने और नगरी चोरी रिपोर्ट दर्ज

**शिकारपुर(वेलकम इंडिया)।** सलेमपुर थाना प्रभारी नितिन जावला ने बताया कि बेलोट निवासी नरेंद्र सिंह के द्वारा एक प्रार्थना पत्र मिला था जिसमें गांव के पास बने देवी मंदिर से लाखों रुपए के गहने और हजारों की नगदी चोरी की घटना को अंजाम देना बताया गया था। चोरी की घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। हालांकि पुलिस ने मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सलेमपुर पुलिस द्वारा देवी मंदिर में हुई चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने का दावा किया जा रहा है।

## सलेमपुर के समर्थ पाराशर बने चार्टर्ड अकाउंटेंट



**शिकारपुर(वेलकम इंडिया)।** इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा रविवार को जारी हुए रिजल्ट में सी.ए.की परीक्षा पास कर सलेमपुर के समर्थ पाराशर ने जिले का नाम रोशन किया है। समर्थ पाराशर के द्वारा बताया गया कि बाबा स्वर्गीय श्यामलाल शर्मा एसडीएम के पद पर रहे थे तथा छोटे बाबा स्वर्गीय पंडित मक्खन लाल शर्मा स्वतंत्रता सेनानी व कांग्रेस नेता रहे थे। समर्थ पाराशर के पिता संदीप शर्मा भट्ठा व्यवसायी है तथा माता रजनी शर्मा ग्रहणी है। समर्थ पाराशर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों तथा स्वयं की कड़ी मेहनत को दिया है।परिवार एवं गांव में खुशी का माहौल है।

## डिवाइडर से टकरा जाने पर युवक की हुई दर्दनाक मौत



**रामघाट(वेलकम इंडिया)।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत नरौरा गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया। आपको बता दें थाना नरौरा क्षेत्र के ढक नगला निवासी 20 वर्षीय सौरभ पुत्र विनोद यादव नरौरा से अलीगढ़ को जाते समय छेरत के श्मशान के सामने डिवाईटर के टकरा जाने से सड़क दुर्घटना में युवक की ऑनस्पॉट मौत हो गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा परिजनों ने मृतक युवक का नरौरा गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार कर दिया है सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# पद्मभूषण पंडितराज श्री राजेश्वर शास्त्री द्रविड़ की स्मृति सभा सांगवेद विद्यालय में आयोजित

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** रामघाट स्थित सांगवेद विद्यालय में विद्यालय के प्राचीन अध्यक्ष पद्मभूषण पंडितराज श्री राजेश्वर शास्त्री द्रविड़ की स्मृति सभा का आयोजन बुधवार को काशी के सुप्रसिद्ध विद्वान पंडित ब्रजबल्लभ पाठक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री पाठक ने कहा कि शास्त्री जी का स्मरण ही हमें पवित्र कर देता है उनके आदर्शमय जीवन का हम सबको अनुसरण करना चाहिए।

स्मृति सभा में उपस्थित विद्वानों ने कहा कि शास्त्री जी का जीवन तपोमय,त्यागमय और विद्या सदाचार संपन्न था वह भारतीय विद्याओं के सच्चे उपासक थे उनकी जीवनी से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के अध्यक्ष वेदमूर्ति पंडित विश्वेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने किया। विद्वत पूजा एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# ईरान के सर्वोच्च नेता के निधन के समाचार पर शोक, शांति बनाए रखने की अपील - शशांक शेखर त्रिपाठी

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के संयोजक एवं बनारस बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशांक शेखर त्रिपाठी ने ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातोल्लाह अली खामीने के निधन के संबंध में प्राप्त समाचारों पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी वैश्विक धार्मिक व्यक्तित्व के निधन का समाचार मानवता के लिए संवेदनशील क्षण होता है उन्होंने भारत के शिया समुदाय से अपील की कि वे शांतिपूर्वक एवं मर्यादित तरीके से अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करें उन्होंने कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक इस संवेदनशील समय में उनके साथ खड़ा है।

भारतीय समाज की परंपरा सहअस्तित्व, संवेदनशीलता और सामाजिक सौहार्द की रही है जिसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय शोक घोषित किए जाने के प्रश्न पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केंद्र सरकार का नीतिगत एवं कूटनीतिक विषय है उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में एब्राहिम रायसी के निधन पर भारत सरकार ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया था क्योंकि वह निर्वाचित राष्ट्रपति पद पर आसीन थे और राजनयिक प्रोटोकॉल के अंतर्गत राष्ट्राध्यक्ष स्तर की श्रेणी में आते थे।

शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा कि भारत की विदेश नीति सदैव संवैधानिक मूल्यों,कूटनीतिक परिपक्वता और धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों पर आधारित रही है ऐसे विषयों को राजनीतिक दृष्टि से देखने के बजाय सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# सामाजिक सरोकार से जुड़े जनहित कार्यो को पुरी शिद्दत के साथ पूरा करना ही सर्व वैश्य समाज समिति का एकमात्र लक्ष्य- मंत्री रविन्द्र जायसवाल

## समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होकर भव्य रूप में मनाएँगे होली - दीपक कुमार बजाज

**संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** कचहरी स्थित सर्किट हाऊस में सर्व वैश्य समाज समिति की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें समिति के संरक्षक मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने सभागार में उपस्थित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य समाज का एक स्वर्णिम इतिहास रहा है वैश्य समाज ने सदा समाज हित में कार्य किया है।

सर्व वैश्य समाज समिति का उद्देश्य सामाज के वैश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट करते हुए,वैश्य समुदाय के उत्थान और विकास के लिए कार्य करना है। समिति के अध्यक्ष आर के चौधरी ने कहा कि वैश्य समाज के सभी वर्गों में आपसी सहयोग भाईचारा और एकता को बढ़ावा देना हमेशा ही इस समिति की प्राथमिकता में रहता है।

समिति के महामंत्री दीपक कुमार बजाज ने कहा कि यह समिति प्रत्येक वर्ष बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक, होनहार विद्यार्थियों का सम्मान,दीपावली मिलन समारोह जैसे अनेक आयोजन करती रहती है ऐसे कार्यक्रम समाज की एकता व अखंडता को संबल प्रदान करते हैं। इसी कड़ी में आगामी सात मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन नाटी इमली स्थित गणेश मण्डपम लॉन में किया जा रहा है जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होकर भव्य रूप में होली मनाएँगे।

कार्यक्रम में बरसाने की राधा रानी व गोकुल के श्री कृष्ण के साथ फूलों की होली मुख्य आकर्षण होगा साथ ही गुजिया,ठंडई व अन्य व्यंजन का सभी आगंतुक आनंद लेंगे।

बैठक में आर के चौधरी,दीपक कुमार बजाज,उमाशंकर अग्रवाल,सर्वेश अग्रवाल,कन्हैया गुप्ता,विजय जायसवाल, पंकज अग्रवाल,अरविंद जायसवाल,पवन अग्रवाल,दीपक अग्रवाल,विजय केशरी,सूरज गुप्ता,संतोष गुप्ता,प्रमोद सर्राफ,विकास चौधरी,सुजीत गुप्ता,राकेश जायसवाल, सुनील जायसवाल,अनुराग बरनवाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सेहत/स्वास्थ्य

# बीमारियों को खुद से रखना चाहते हैं दूर तो इन आदतों से करें तौबा, वरना कमजोर हो सकती है इम्यूनिटी

**अनन्या मिश्रा**

शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी की इम्यूनिटी आपका बीमारियों से बचाव करने के लिए आवश्यक है। ऐसे में जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, उनको कई तरह की गंभीर बीमारियों के होने का खतरा अधिक होता है। वहीं प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर को संक्रमण से बचाती है। वहीं जब प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है, तो व्यक्ति को बार-बार संक्रमण होने का खतरा हो सकता है। बता दें कि श्वेत रक्त कोशिकाएं, लिम्फ नोड्स और एंटीबॉडी सहित अन्य घटक शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली बनाते हैं।

वहीं लोगों ने कोरोना महामारी के दौरान इम्यूनिटी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया। कोविड के समय गंभीर और घातक संक्रमण का जोखिम उन्हीं लोगों में ज्यादा था, जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोरी थी। हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि इम्यूनिटी बढ़ाने में आपकी दिनचर्या, खानपान और पर्यावरण का अहम योगदान होता है। तो वहीं आपकी कुछ आदतें ऐसी हो सकती हैं, जिनसे आपकी इम्यूनिटी काफी कमजोर हो सकती है।



## कमजोर इम्युनिटी के नुकसान

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में बार-बार संक्रमण और गंभीर लक्षण होने का खतरा अधिक होता है। ऐसे लोगों में निमोनिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के गंभीर रूप लेने का खतरा अधिक हो सकता है। घावों को ठीक होने में सामान्य से अधिक समय लगना, बार-बार सर्दी-जुकाम या फ्लू का संक्रमण होना और अक्सर थकान महसूस करते रहना इस बात का संकेत हैं कि आपकी इम्यूनिटी ठीक नहीं है। ऐसे में आज हम आपको उन आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकती हैं।

## नींद की समस्या

वहीं जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें समय के साथ इम्यूनिटी कमजोर होने की समस्या बढ़ जाती है। साल 2019 के एक अध्ययन के अनुसार, 7-8 घंटी की नींद शरीर में इम्यून सेल्स की संख्या को बनाए रखने के लिए जरूरी है। नींद की कमी से शरीर में कोर्टिसोल का लेवल बढ़ने लगता है, जो आपके इम्यून सिस्टम को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में अगर आप अच्छी इम्यूनिटी चाहते हैं, तो रोजाना पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद लेना बेहद जरूरी है।

## खान-पान का पड़ता है असर

*हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि इम्यूनिटी बढ़ाने में आपकी दिनचर्या, खानपान और पर्यावरण का अहम योगदान होता है। तो वहीं आपकी कुछ आदतें ऐसी हो सकती हैं, जिनसे आपकी इम्यूनिटी काफी कमजोर हो सकती है।*

आप क्या खाते हैं इसका भी सीधा असर आपकी इम्यूनिटी सिस्टम पर होता है। कई शोध तत्थों से पता चलता है कि जंक फूड और चीनी से भरपूर चीजें हमारी इम्यूनिटी को नुकसान पहुंचाती हैं। प्रोसेस्ड फूड इन्फ्लेमेशन को बढ़ाते हैं और इम्यून सेल्स की कार्यक्षमता को कम कर देते हैं। इसके साथ ही भोजन में यदि विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स की कमी होती है, तब भी शरीर की संक्रमण से लड़ने की क्षमता घट जाती है।

## लाइफ सेंडेंटरी तो नहीं

सेंडेंटरी लाइफस्टाइल यानी की अक्सर बैठे रहने या फिर आराम की आदत भी आपकी इम्यूनिटी को नुकसान पहुंचा सकती हैं। एक अध्ययन के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करने से इम्यून सिस्टम की कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं। इसलिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम करना चाहिए। आप योग, वॉकिंग, जिम वर्कआउट और खेल आदि खेल सकते हैं।

## शराब और धूम्रपान

बता दें कि शराब और धूम्रपान की आदतें आपकी सेहत को कई तरह से नुकसान पहुंचा सकती हैं। वहीं इसका इम्यून सिस्टम पर भी सीधा असर होता है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अधिक शराब का सेवन और धूम्रपान की आदत हमारी बॉडी में श्वेत रक्त कोशिकाओं की कार्यक्षमता को कम करता है। साथ ही यह आदतें शरीर में एंटीबॉडीज के उत्पादन को धीमा कर देती हैं, जिसकी वजह से संक्रमण से लड़ने की क्षमता घट जाती है। ऐसे में आप अपनी इम्यूनिटी को मजबूत बनाना चाहते हैं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव करना चाहते हैं, तो शराब और धूम्रपान से दूरी बनाकर रखें।

ब्यूटी / फैशन

# स्किन को ग्लोइंग बनाने में मददगार है मुलेठी, जानें कैसे करें इस्तेमाल

**मिताली जैन**

हम सभी अपनी स्किन को ग्लोइंग तो बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केमिकल्स आपका कुछ देर के लिए भले ही अच्छा दिखाने में मदद करें, लेकिन लंबे समय में ये आपकी स्किन को नुकसान ही पहुंचाते हैं। ऐसे में कुछ नेचुरल चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इन्हीं में से एक है मुलेठी।
स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग-धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है। अगर आप मुलेठी के स्किन बेनिफिट्स का लाभ उठाना चाहते हैं तो ऐसे में इसे कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल करें। आप मुलेठी से फेस मास्क से लेकर टोनर तक बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कि ग्लोइंग स्किन के लिए मुलेठी का इस्तेमाल किन तरीकों से किया जाए-



## मुलेठी से बनाएं फेस पैक

मुलेठी की मदद से स्किन ब्राइटनिंग फेस पैक बनाया जा सकता है। इसे बनाने के लिए आपको मुलेठी पाउडर के अलावा कच्चे दूध व शहद की जरूरत होगी।

## आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
1 बड़ा चम्मच दही या कच्चा दूध
आधा छोटा चम्मच शहद

## फेस पैक बनाने का तरीका-

फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में सारी सामग्री डाल दें।
अब इसे अच्छी तरह मिक्स करके चिकना पेस्ट बना लें।
स्किन साफ करें और इसे अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं।
इसे 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।

## रोजाना इस्तेमाल के लिए मुलेठी टोनर

*स्किन केयर रूटीन में मुलेठी का इस्तेमाल करना यकीनन काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। यह एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है, जो स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ-साथ दाग-धब्बों को कम करने और जलन को शांत करने में मददगार है।*

एक ब्राइटनिंग और रिफ्रेशिंग स्किन पाने के लिए मुलेठी की मदद से टोनर भी बनाया जा सकता है। आप इसे हर दिन इस्तेमाल कर सकती हैं।

## आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
1 कप पानी

## टोनर बनाने का तरीका-

मुलेठी पाउडर को पानी में उबालें और इसे ठंडा होने दें।
अब इसे छानकर एक स्प्रे बोतल में भरकर रख लें।
अपना चेहरा साफ करने के बाद हर दिन टोनर की तरह इस्तेमाल करें।

## मुलेठी से बनाएं स्क्रब

यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाता है, जिससे स्किन में तुरंत चमक आती है। यह स्क्रब ब्राइटनिंग स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है।

## आवश्यक सामग्री-

1 बड़ा चम्मच मुलेठी पाउडर
1 बड़ा चम्मच बेसन
थोड़ा दही या गुलाब जल

## स्क्रब बनाने का तरीका-

स्क्रब बनाने के लिए मुलेठी पाउडर, बेसन व गुलाब जल डालकर मिक्स करें।

अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और सर्कुलर मोशन में हल्के हाथों से मसाज करें। इसे धोने से पहले इसे 10 मिनट के लिए छोड़ दें।

पर्यटन

# दक्षिण भारत की टॉप रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान, पार्टनर भी हो जाएगा खुश



> दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है।

**अनन्या मिश्रा**

फरवरी साल का ऐसा महीना होता है, जब देश में थोड़ी-थोड़ी ठंड कम पड़ने लगती है। जब ठंड कम पड़ती है, तो घूमने का मजा दोगुना हो जाता है। वहीं यह महीना साल का सबसे रोमांटिक महीना भी माना जाता है। क्योंकि फरवरी महीने में भी वैलेंटाइन डे वीक मनाया जाता है। इस दौरान दक्षिण भारत में कई कपल्स घूमने का प्लान बनाते हैं। दक्षिण भारत हमारे देश का एक हिस्सा है। जहां पर फरवरी महीने में कम ठंडक पड़ती है। फरवरी महीने में दक्षिण भारत का मौसम भी एकदम रोमांटिक रहता है। इसलिए इस महीने में दक्षिण भारत में हर दिन हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दक्षिण भारत की कुछ हसीन और टॉप रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## अल्लेप्पी

दक्षिण भारत में स्थित सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह में अल्लेप्पी का नाम सबसे पहले आता है। यह सिर्फ केरल का ही नहीं बल्कि पूरे भारत का एक खूबसूरत हॉलिडे डेस्टिनेशन माना जाता है। अरब सागर के तट पर स्थित अल्लेप्पी अपने खूबसूरत समुद्री तट, लैगून और बैक वाटर के लिए जाना जाता है। अल्लेप्पी को दक्षिण भारत की टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। ऐसे में आप अपने पार्टनर के साथ अल्लेप्पी घूमने के लिए जा सकते हैं।

## कोडईकनाल

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु में स्थित कोडईकनाल देश का सबसे खूबसूरत और बेहतरीन हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है। यह पार्टनर के साथ घूमने के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है। कोडईकनाल अपनी प्रकृति सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको खूबसूरत झील-झरने, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत घाटियां देखने को मिलेंगी। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन शाम गुजार सकते हैं और एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। कोडईकनाल में आप कोडईकनाल झील, कोकर्स वॉक और डॉलफिन नोज पॉइंट जैसी रोमांटिक जगहों पर जरूर जाएं।

## कूर्ग

अगर आप अपने पार्टनर के साथ फरवरी के महीने में कर्नाटक की किसी रोमांटिक जगह पर जाना चाहते हैं, तो आपको कुर्ग जाना चाहिए। क्योंकि कुर्ग में सिर्फ भारतीय कपल्स ही नहीं बल्कि विदेशी कपल्स भी घूमने के लिए आते हैं। कुर्ग की खूबसूरती इस तरह प्रचलित है कि इसको दक्षिण भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। आपको कुर्ग में कई होटल और रिसॉर्ट ऐसे होते हैं, जहां पर आप रूम बुक करके हसीन शाम बिता सकते हैं। आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ एबी फॉल्स, ब्रह्मगिरी शिखर, चेट्टाल्ली, दुबारे हाथी शिवर और राजा की सीट जैसी रोमांटिक जगहों को एकसप्लोर कर सकते हैं।

## पुडुचेरी

दक्षिण भारत में स्थित पुडुचेरी एक केंद्र शासित प्रदेश है। इस देश को एक बेहद खूबसूरत और रोमांटिक डेस्टिनेशन भी माना जाता है। बंगाल की खाड़ी के कोरोमंडल तट पर स्थित पुडुचेरी को हनीमून डेस्टिनेशन के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर सिर्फ फरवरी महीने में बल्कि साल के अन्य महीनों में भी कपल्स घूमने के लिए आते हैं।

पुडुचेरी में आप पार्टनर के साथ सुबह-शाम समुद्र तट के किनारे सुकून और यादगार भरे कुछ पल बिता सकते हैं। यहां पर आप अपने पार्टनर के साथ पैराडाइज बीच, बॉटनिकल गार्डन और प्रोमेनेड बीच जैसी रोमांटिक जगहों पर जाना न भूलें।



घरेलू नुस्खे



# सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज में दम पुख्त बिरयानी देखकर आ गया मुंह में पानी, तो अब जान लें इसे बनाने के जरूरी टिप्स

*दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता। चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं।*

**मिताली जैन**

हाल ही में सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज रिलीज हुई और यह फिल्म हर कोई बेहद पसंद कर रहा है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा को डिलिशियस दम पुख्त बिरयानी बनाते हुए दिखाया गया है। उसे देखकर यकीनन आपके मुंह में भी पानी आ गया होगा और अब आप भी उसे खाने का मन बना रहे होंगे। ऐसे में अगर आप भी घर पर दम पुख्त बिरयानी बनाना चाहते हैं तो उसे परफेक्ट तरीके से बनाने के लिए आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए।



वास्तव में अगर कोई एक डिश है जो शाही अंदाज में बनाई जाती है, तो वह है दम पुख्त बिरयानी। धीमी आंच पर पकाई गई बिरयानी स्वाद से भरपूर होती है। जब मीट और चावल अपनी भाप में एक साथ पकते हैं, जिससे हर निवाला बेहद स्वादिष्ट बनता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको दम पुख्त बिरयानी बनाने के कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

## सही चावल और मीट का करें चयन

दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता। चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं। इससे चावल अच्छी तरह से पकता है और टूटने से बचता है। वहीं मीट के लिए मटन सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि यह दम पर पकाने से बहुत नरम हो जाता है। लेकिन अगर आप चिकन का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे कम समय के लिए पकाएं, नहीं तो यह सूख सकता है।

## सही तरह से करें मैरिनेशन

मीट का सही तरह से मैरिनेशन बहुत अधिक मायने रखता है। मीट को कम से कम 4-6 घंटे के लिए मैरिनेट करें, या हो सके तो रात भर के लिए। मैरिनेशन के लिए दही, तले हुए प्याज, अदरक-लहसुन पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और नींबू का रस इस्तेमाल करें। थोड़ा सा सरसों का तेल या घी डालें। इससे स्वाद और भी बढ़ जाता है।

## प्रो की तरह करें लेयरिंग

दम पुख्त बिरयानी बनाते समय उसकी सही तरह से लेयरिंग करना भी उतना ही जरूरी है। सबसे पहले हमेशा भारी तले वाले बर्तन या हांडी का इस्तेमाल करें ताकि वह जले नहीं। साथ ही, पहली परत डालने से पहले नीचे घी लगा लें। पहले मैरिनेट किया हुआ मीट, फिर उबले हुए चावल, फिर तले हुए प्याज, पुदीना, धनिया, केसर मिला हुआ दूध और थोड़ा सा घी डालें। जब तक सारी सामग्री इस्तेमाल न हो जाए, तब तक यही दोहराते रहें। जलने से बचने के लिए सबसे ऊपर चावल होना चाहिए,

# गाजियाबाद में 60 गरीब महिलाओं को घरेलू उपयोग की सामग्री वितरित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**











**गाजियाबाद।** प्रयास इंडिया चैरिटी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए आज बी ब्लॉक सेक्टर-11, विजय नगर, प्रताप विहार, गाजियाबाद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड ठवढढछ के सहयोग से 60 जरूरतमंद एवं गरीब महिलाओं को घरेलू उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप विशेष अतिथि सुरेन्द्र चौधरी एमएलसी विधायक सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि जितेंद्र गौड़, भाजपा प्रताप विहार मंडल मंडल अध्यक्ष हेमराज माहौर समाजसेवी सुनील यादव रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पेट्रोमैक्स चूल्हा, गैस चूल्हा, प्रेशर कुकर, एलईडी बल्ब एवं एलईडी ट्यूबलाइट वितरित किए गए, जिससे उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य गरीब परिवारों की महिलाओं को घरेलू सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बनाना है। इस अवसर पर प्रयास इंडिया चैरिटी फाउंडेशन के सीईओ एवं फाउंडर प्रवीण सिंह सेंगर, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती संगीता साहनी, वरिष्ठ समाज सेवी वीरेंद्र सिंह बिष्ट, सी एस आर हैड राहुल सिंह बिष्ट, सी एस आर हैड दिलीप सिंह खाती, डायरेक्टर प्रकाश सिंह सेंगर मानसिंह चौहान सन्तोष देवी ममता देवी सुमन देवी तथा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रयास इंडिया चैरिटी फाउंडेशन लगातार गरीब, दिव्यांग और जरूरतमंद लोगों के लिए विभिन्न सामाजिक कार्य कर रहा है और भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य जारी रखेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने संस्था और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

# होली शांतिपूर्ण संपन्न कराने के बाद इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने पुलिसकर्मियों के साथ खेली होली



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**लखनऊ।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के बाद दूसरे दिन गुरुवार को माल थाने में रंगों के त्योहार होली के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया।

आपको बता दें कि, होली के त्योहार पर आम लोग जहां अपने परिवार और मित्रों के साथ रंगों का आनंद लेते हैं, वहीं कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। इसी परंपरा के तहत, माल थाने के पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को होली के अगले दिन अपना त्योहार मनाया। थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूरे थाने का माहौल उत्साह और उल्लास से भरा रहा, जहां आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। ड्यूटी के दबाव के बावजूद, पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं। उन्होंने गुलाल लगाकर बधाई दी और मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां मनाईं। थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि होली के दिन पुलिसकर्मी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क रहते हैं, जिससे वे त्योहार का आनंद नहीं ले पाते। इसी कारण विभाग में अगले दिन होली मनाने की परंपरा है, ताकि सभी पुलिसकर्मी मिलकर खुशियां बांट सकें। इस अवसर पर सभी उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी मौजूद रहें। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में सौहार्दपूर्ण माहौल रहा और सभी ने एक-दूसरे को सुरक्षित एवं सुखद होली की शुभकामनाएं दीं।

# अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार गम्भीर



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के कछवां-कपसेठी मार्ग पर बुधवार को सुबह अपाचे बाइक से कछवां से कपसेठी के तरफ जा रहा बाइक सवार मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के चित्रसेनपुर गांव निवासी अनमोल सिंह उम्र (22) वर्ष छतेरी गांव के सामने रोड पर अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया वही बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे कछवांरोड चौकी प्रभारी रामचन्द्र यादव ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को इलाज हेतु वाराणसी स्थित अवार्चीन अस्पताल भेजवाया। वही क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी ले आए घटना के सूचना पुलिस द्वारा घायल के परिजनों को दे दिया गया।

# भारतीय किसान यूनियन (अमर) टिकैत के राष्ट्रीय कार्यालय पर संगठन का हुआ विस्तार

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** विजयनगर प्रताप विहार के राष्ट्रीय कार्यालय पर कार्यकताओं को जोड़ने का अभियान चलाया गया। और फिदा हुसैन ने कहा कि बहुत ही ज्यादा तादाद में कार्यकर्ता जोड़े गए हैं, लोग स्वयं ही आकर के संगठन के विस्तार में अपना योगदान दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा द्वारा गाजियाबाद मैं हर जगह से आए सभी कार्यकर्ता को जोड़ने का काम किया गया। केशव चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा कहा गया कि भारतीय किसान यूनियन (अमर) टिकैत का संगठन 18 शहरो में काम कर रहा है, और यूपी के 42 जिलों में काम कर रहा है। चौधरी फिदा हुसैन राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारी ने कहा की ऊपर वाले ने चाहा, तो बहुत जल्दी हमारा संगठन पूरे उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में काम करेगा, और हम ईद के बाद संगठन विस्तार का अभियान चलाएंगे, और हर जिले में कम से कम 500 लोगों को जोड़ने का कार्यक्रम किया जाएगा। जो जिला अध्यक्ष है वो हर जिले में वो संगठन का विस्तार करेंगे, ऐसा निर्देश राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा दिया गया है। राष्ट्रीय कार्यालय की तरफ से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सरदाना, ने कहा की पूरे भारत में सभी कार्यकर्ता सभी राज्यों में काम कर रहे हैं। जिससे मेरा मनोबल बढ़ रहा है, और क्या मेरे लिए अति प्रसन्नता की बात है कि संगठन का विस्तार पूरे भारतवर्ष में बहुत तेजी के साथ हो रहा है। मेरा आशीर्वाद सभी के साथ है। इस अवसर पर उपस्थित राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंसूर अख्तर ने कहा, कि संगठन के विस्तार से सभी सामाजिक कार्यों को और गतिशील बनाया जाएगा।

और कंप्यूटराइज ऑनलाइन कार्यकताओं को भी जोड़ने का कार्य चल रहा है। राष्ट्रीय कार्यालय पर उपस्थित चौधरी फिदा हुसैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यकारिणी, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सरदाना, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशव चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री मंसूर अख्तर, जिलाध्यक्ष गाजियाबाद योगेश शर्मा, तालिबान, तालिबान, आशु चौधरी, अलीम खान, पिंटू ठाकुर, सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, एवं जिला पदाधिकारी, उपस्थित रहे।

# शारदा सहायक खनवारी नहर में डूबने से तीन बच्चे हुये लापता मौके खोजबीन जारी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाने के गाव डंडिया मे राम नरेश की बेटी आँचल उम्र 14 रिया 12 वर्ष व अनिल पटेल के बेटी मोहनी 12 वर्ष की शारदा सहायक नहर में नहाते समय डूबने लगी किन्हे डंडिया ग्राम का निवासी सतीश यादव जो नहर में नहा रहा था नहाते समय डूब रही मोहनी आँचल रिया को बचाने का प्रयास किया लेकिन सतीश पैर से विकलांग होने की वजह से बचाने में असफल रहा ।

सूचमा पर डायल 112 व थाना प्रभारी संग्रामगढ़ व अग्निसमन विभाग के आधिकारी खोजने में जुटी है। लेकिन परिवारीजनों का रो रो कर हुआ बुराहाल है। ग्रामीणों ने भी बच्चिओ को ढूंढने का बहुत प्रयास किया पर सफलता हाथ नहीं लगी ।

# नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में होली का पावन त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर।** होली का पावन त्यौहार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शांतिपूर्ण व धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर में कई जगह होली मिलन समारोह आयोजित किए गए। होली के पावन पर्व पर भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच एवं वरिष्ठ नेता डॉ देवेंद्र सिवाच के निवास स्थान पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने भाग लेकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के लोगों ने भाग लेकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

**गुलजार आलम**

**रामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी, रामपुर, पुलिस अधीक्षक, रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर तथा पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण और पुलिस परिवारजनों ने एकत्रित होकर रंगों के इस पर्व को मिलकर मनाया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने कहा, 'होली मिलन समारोह का उद्देश्य पुलिस परिवारों के बीच आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करना और सामूहिक खुशी का वातावरण बनाना है ।इस प्रकार के आयोजन हमारी एकता और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करते हैं।' होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, पुलिस कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे, जिन्होंने मिलकर होली की शुभकामनाएँ दीं और एक-दूसरे के साथ रंग खेलकर होली पर्व की खुशियाँ साझा कीं ।

# पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

**गुलजार आलम**

**रामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी, रामपुर, पुलिस अधीक्षक, रामपुर, अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर तथा पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण और पुलिस परिवारजनों ने एकत्रित होकर रंगों के इस पर्व को मिलकर मनाया ।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने कहा, 'होली मिलन समारोह का उद्देश्य पुलिस परिवारों के बीच आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करना और सामूहिक खुशी का वातावरण बनाना है ।




# शिवा स्कूटर एजेंसी में बवाल: मालिक पर जीएम से मारपीट और धमकी देने का आरोप, कर्मचारियों ने कमिश्नर ऑफिस पहुंचकर लगाई गुहार

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद के झंडापुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित 58/3, शिवा स्कूटर एजेंसी में उस समय हंगामा मच गया जब एजेंसी के मालिकों पर अपने ही जनरल मैनेजर के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगा। पीड़ित जनरल मैनेजर अनुपम चौहान ने आरोप लगाया है कि एजेंसी के मालिक अमित गर्ग और आदित्य गर्ग ने उनके साथ न सिर्फ मारपीट की, बल्कि गंदी-गंदी गालियां देते हुए उन्हें चोरी के झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी। घटना के बाद अनुपम चौहान ने मामले की शिकायत झंडापुर पुलिस चौकी और लिंक रोड थाना, साहिबाबाद में दर्ज कराई। हालांकि आरोप है कि शिकायत दिए जाने के बावजूद अब तक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले से नाराज होकर अनुपम चौहान के साथ शिवा स्कूटर एजेंसी की विभिन्न शाखाओं के कर्मचारी भी एकजुट हो गए। सभी कर्मचारियों ने मिलकर आरोपित मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दी। कमिश्नर कार्यालय में मौजूद एसीपी गाजियाबाद ने कर्मचारियों और पीड़ित पक्ष को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लिंक रोड थाना प्रभारी को पूरे मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस घटना के बाद एजेंसी के कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला।




कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आगे भी विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# अपहरण कर हत्या करने के आरोपी को उम्रकैद, 40 हजार रुपये का जुमार्ना

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** अभियुक्त रामौतार पुत्र मोहरपाल निवासी हसियागंज कस्बा व थाना डिबाई जनपद बुलंदशहर द्वारा वर्ष–2021 में वादी मुकेश निवासी मौ0 नमक मंडी कस्बा व थाना डिबाई जनपद बुलंदशहर के पुत्र का अपरहण कर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 14.10.2021 को थाना डिबाई पर मुअसं–589/21 धारा 364/302 भादवि पंजीकृत किया गया था तथा दिनांक 26.11.2021 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किये गये। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान 'ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 08 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप गुरुवार को न्यायाधीश विनीत चौधरी (मा0 न्यायालय एडीजे अनूपशहर जनपद बुलंदशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त रामौतार को आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

# गाजियाबाद में मेरठ रोड पेंट बनाने की कंपनी में लगी भीषण आग



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में मेरठ रोड स्थित पेंट बनाने की एक फैक्ट्री में देर रात भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि आग की लपटें करीब दो किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं सूचना मिलते ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पल दमकल की गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचे। शहर के अलग-अलग फायर स्टेशनों से कुल 12 गाड़ियां मौके पर लगाई गई हैं। फैक्ट्री में पेंट बनाया जाता है और अंदर रखे ड्रम तेज धमाकों के साथ फट रहे हैं, जिससे आग और विकराल हो गई।

